दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज






● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 420


## संक्षिप्त खबरें ।

### ब्रह्मांड में मिला ऐसा चंद्रमा जिसपर उबल रहे ज्वालामुखी, पृथ्वी से बस 635 प्रकाश वर्ष दूर है ग्रह

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** एस्ट्रोनॉमर्स ने पृथ्वी से सिर्फ 635 प्रकाश वर्ष दूर स्थित रहस्यमय चंद्रमा का पता लगाया है. इस चंद्रमा पर ज्वालामुखियों की भरमार है. इस चंद्रमा पर सोडियम के विशाल बादल मिले हैं जो ज्वालामुखीय गतिविधि का संकेत देते हैं. यह चंद्रमा WASP-49b नामक एक्सोप्लैनेट की परिक्रमा करता है. यह एक्सोप्लैनेट एक पीले बौने तारे हअरढ-49 के चक्कर लगाता है। WASP-49b एक गैस दानव है। यानी यहां पर ज्वालामुखी होने की संभावना न के बराबर है. सोडियम के बादलों की मौजूदगी भी एक्सोप्लैनेट की कक्षा से मेल नहीं खाती. ऐसे में वैज्ञानिक इस नतीजे पर पहुंचे कि WASP-49b का एक चट्टानी, ज्वालामुखीय चंद्रमा है. कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की एस्ट्रोफिजिसिस्ट अपूर्व ओजा के मुताबिक, 'हमें लगता है कि यह बेहद महत्वपूर्ण सबूत है. यह बादल उसके विपरीत दिशा में घूम रहा है, जबकि भौतिकी के अनुसार अगर यह ग्रह के वायुमंडल का हिस्सा होता तो दूसरी दिशा में घूमता

**सौरमंडल के बाहर क्यों नहीं मिलते चंद्रमा ? :** ऐसा माना जाता है कि हमारी आकाशगंगा में असंख्य चंद्रमा हैं. अपने सौरमंडल में ही आठ ग्रहों के मुकाबले उनके 300 से ज्यादा चंद्रमाओं का पता लगाया जा चुका है. सौरमंडल से परे चंद्रमाओं की खोज बेहद मुश्किल है। एक्सोप्लैनेट्स खोजना ही बड़ा जटिल है, और उनके चंद्रमा इतने छोटे होते हैं कि उनका पता नहीं लग पाता।

2017 के एक रिसर्च पेपर में बताया गया कि WASP-49b के वायुमंडल में सोडियम की मोटी परत मौजूद है जो इसके बादलों से कहीं अधिक ऊंचाई पर है. 2019 में ओजा और उनके सहयोगियों ने एक रिसर्च पेपर में कहा कि यह सोडियम एक्सोप्लैनेट से नहीं, बल्कि उसकी परिक्रमा करने वाले एक एक्सोमून से पैदा हुआ है. यह चंद्रमा बृहस्पति के चंद्रमा से भी अधिक ज्वालामुखीय है।

**कैसे लगा इस चंद्रमा का पता ? :** ओजा और उनकी टीम ने यूरोपियन सदर्न ऑब्जर्वेटरी के 'वेरी लार्ज टेलीस्कोप' का इस्तेमाल किया. उन्होंने पाया कि सोडियम का बादल लगातार मौजूद नहीं रहता, बल्कि अनियमित अंतराल पर आता–जाता रहता है और एक्सोप्लैनेट व तारे के पीछे गायब हो जाता है. तटस्थ सोडियम कुछ ही मिनटों में फोटोआयनीकृत हो जाता है, यानी यह किसी तारे के आस–पास लंबे समय तक चार्ज हुए बिना नहीं रह सकता।

# राहुल रायबरेली तो अब प्रियंका की धीरे से चुनावी समर में एंट्री

**लोक तंत्र की आवाज़**

### कांग्रेस किस रणनीति पर चल पड़ी है?



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा कर दी है. 13 नवंबर को दक्षिण की इस अहम सीट पर मतदान होगा. वायनाड से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अपना चुनावी डेब्यू करने जा रही हैं. यह सीट उनके भाई राहुल गांधी के रायबरेली को चुनने को वजह से खाली हुई थी. राहुल इसी साल हुए लोकसभा चुनाव में वायनाड और रायबरेली, दोनों सीटों से जीते थे. चुनावी समर में प्रियंका की एंट्री कांग्रेस की सियासत में एक नया अध्याय है।

प्रियंका को वायनाड से उतारकर गांधी परिवार ने एक तीर से कई शिकार किए हैं. यह उत्तर के साथ दक्षिण को बैलेंस करने की जुगत तो है ही, गांधी परिवार की कांग्रेस पर पकड़ को भी मजबूत करने की कोशिश भी. अगर प्रियंका वायनाड से जीतती हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब नेहरू–गांधी परिवार के तीन सदस्य संसद में साथ होंगे. राहुल और प्रियंका की मां, सोनिया गांधी अब राज्यसभा की सदस्य हैं लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद, राहुल ने कहा था कि वह उत्तरप्रदेश की रायबरेली से सांसद रहेंगे. राहुल ने 2019 से 2024 तक लोकसभा में वायनाड का प्रतिनिधित्व किया और हालिया चुनाव भी जीते. राहुल के ऐलान के बाद, कांग्रेस ने कहा कि वायनाड में राहुल की जगह प्रियंका लेंगी. वायनाड उपचुनाव के लिए अपने नाम की घोषणा के बाद प्रियंका ने कहा था, 'मैं बिल्कुल भी नर्वस नहीं हूं.... मैं वायनाड का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होने के लिए खुश हूं. मैं बस इतना कहूंगी कि मैं उन्हें राहुल की कमी महसूस नहीं होने दूंगी।

**प्रियंका के चुनावी राजनीति में उतरने के मायनेः** यूं तो प्रियंका 1999 से राजनीति में सक्रिय हैं, लेकिन वह पहली बार चुनाव लड़ने जा रही हैं. शुरू में उन्होंने मां और फिर भाई के लिए भी चुनाव प्रचार किया. बाद में, उनकी लोकप्रियता बढ़ती देख पार्टी ने जनवरी 2019 में प्रियंका को पूर्वी उत्तर प्रदेश से पार्टी महासचिव बनाया. 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका ने कांग्रेस को यूपी में फिर से खड़ा करने की खूब कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली. 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में भी प्रियंका ने कांग्रेस की चुनावी रणनीति का नेतृत्व किया। प्रियंका कांग्रेस नेतृत्व और रणनीति बनाने वाली टीम का अहम हिस्सा हैं और अब तक उत्तर भारत में पार्टी की अगुवा रही हैं. यह पहली बार है जब प्रियंका को दक्षिण के सियासी मैदान में उतारा गया है.

### रायबरेली और वायनाड... उत्तर से दक्षिण तक, सब साधने की जुगत

रायबरेली, यूपी में गांधी परिवार की दो परंपरागत सीटों में से एक रही है. राहुल से पहले उनकी मां सोनिया यहां का प्रतिनिधित्व करती थीं. रायबरेली में हुए 20 लोकसभा चुनाव में से 17 में गांधी परिवार का सदस्य जीता है. 2024 चुनाव में रायबरेली से राहुल जीते तो कांग्रेस ने दूसरी परंपरागत सीट– अमेठी पर भी फिर से कब्जा किया. 2019 में बीजेपी की स्मृति ईरानी ने अमेठी में राहुल को मात दी थी. रायबरेली में राहुल की जीत के साथ अमेठी में भी धाक जताकर कांग्रेस ने यूपी में अपना आधार मजबूत किया। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों को देखें तो कांग्रेस यूपी में खोई जमीन हासिल करती नजर आती है. उसने 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था और छह पर जीत हासिल की. 2019 में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में सिर्फ एक सीट जीती थी – रायबरेली. और 2014 में पार्टी ने दो सीटें जीती थीं – रायबरेली और अमेठी. ऐसे में गांधी परिवार के लिए रायबरेली छोड़ना बिल्कुल भी सही नहीं बैठता। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा में अपनी संख्या लगभग दोगुनी कर ली है 2019 में 52 से 2024 में 99 सीटों तक. पार्टी को अगर और आगे बढ़ना है तो यह उत्तर प्रदेश सहित हिंदी पट्टी राज्यों में अपनी पैठ बढ़ाए बिना संभव नहीं हो सकता.

## उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू कश्मीर सरकार में कांग्रेस का कोई प्रतिनिधि नहीं, इन पांच नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ



**लोक तंत्र की आवाज़**

● उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में दिलाई शपथ

**श्रीनगर।** उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 के पुनर्गठन और निरस्तीकरण के बाद इस क्षेत्र से राज्य का दर्जा छिनने के बाद वे पहले सीएम बने। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (SKICC) में उन्हें शपथ दिलाई।

अब्दुल्ला के साथ, एक निर्दलीय सहित पांच विधायकों ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, लेकिन विशेष रूप से, नई सरकार में कांग्रेस का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। मेंढर से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक जावेद अहमद राणा, रफियाबाद से जाविद अहमद डार, डीएच पोरा से सकीना इटू और सुरिंदर कुमार चौधरी को एलजी सिन्हा ने मंत्री पद की शपथ दिलाई। पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता तारा चंद को जम्मू जिले की छंब विधानसभा सीट पर हराने वाले निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा भी कैबिनेट में शामिल हुए।

जम्मू और कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस समय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं हो रही है। दो मंत्री पद हासिल करने में विफल रहने के बाद, कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया।

शपथ ग्रहण के बाद, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला श्रीनगर सिविल सचिवालय में सभी प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक करेंगे। यह ध्यान देने योग्य है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस का कोई भी वरिष्ठ नेता कैबिनेट में स्थान हासिल करने में सफल नहीं हो पाया। समारोह से पहले श्रीनगर में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

## प्रशांत किशोर की अग्नि परीक्षा... बिहार उपचुनाव में जन सुराज की एंट्री, मुकाबला हुआ त्रिकोणीय

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार विधानसभा के चार सीटों पर उपचुनाव का ऐलान होने के बाद प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने भी चुनाव लड़ने का फैसला किया है. पहले जहां ये मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच था. वहीं अब ये मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है. जिन चार सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं, उनमें कैमूर के रामगढ़, भोजपुर के तरारी, गया के इमामगंज और बेलागंज विधानसभा सीट शामिल है. जन सुराज पार्टी ने तरारी विधानसभा सीट पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है. तरारी विधामसभा से एसके सिंह को उतारा है. एसके सिंह सेना के रिटायर्ड अधिकारी हैं. पार्टी के गठन के बाद जन सुराज का यह पहला चुनाव होगा. अगर पीके की पार्टी एक भी सीट जीतती है तो यह बड़ी उपलब्धि होगी।

**बिहार उपचुनाव का मुकाबला हुआ त्रिकोणीयः** उपचुनाव में उम्मीदवार उतारने का फैसला जैसे ही प्रशांत किशोर ने किया, वैसे ही बिहार की सियासत गरमा गई. माना जा रहा है कि ढङ की पार्टी की उम्मीदवारी ने उपचुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है. लेकिन ढङ की पार्टी को लेकर सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है. तमाम राजनीतिक पार्टियों ने प्रशांत किशोर की पार्टी पर निशाना साधा है और कहा मुकाबला एनडीए बनाम महागठबंधन के बीच ही है. बता दें कि इन चारों सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए 18 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी होगा. 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी. 30 अक्टूबर तक नाम वापसी हो सकेगी. 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और 23 नवंबर को मतों की गिनती होगी।

**क्यों खाली हुईं ये चार सीटें? :** 2020 के विधानसभा चुनाव में राज्य की इन चार सीटों में कैमूर के रामगढ़ सीट से राजद विधायक सुधाकर सिंह, भोजपुर के तरारी सीट से भाकपा माले के सुदामा प्रसाद, गया जिले के इमामगंज से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी और बेलागंज से सुरेंद्र प्रसाद यादव विधायक थे. लेकिन ये चारों विधायक लोकसभा का चुनाव जीत गए और विधायकी से इस्तीफा दे दिया, जिसके चलते ये चारों सीट खाली हो गई।

## बिहार में लगाएंगे थोड़ा ब्रेक! अब झारखंड और महाराष्ट्र मिशन पर जुटेंगे तेजस्वी यादव, रद्द हो सकती है दूसरे चरण की यात्रा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने दूसरे चरण की यात्रा के लिए पटना से बांका के लिए रवाना हो गये गए हैं. बांका में यात्रा पूरी करने के बाद तेजस्वी यादव जमुई जाएंगे. वहीं इस बीच राजद सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर सामने आ रही है. आरजेडी सूत्रों के अनुसार नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की दूसरे चरण की यात्रा रद्द हो सकती है. बताया जा रहा है कि बांका और जमुई में यात्रा करने के बाद तेजस्वी यादव की आगे की यात्रा को रद्द हो सकती है।

जानकारी के अनुसार बिहार उप चुनाव, झारखंड विधानसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव को लेकर तेजस्वी यादव अपनी यात्रा रद्द कर सकते हैं. बताया जा रहा है कि बिहार उप चुनाव के साथ–साथ झारखंड और महाराष्ट्र चुनाव में समय कम होने के कारण तेजस्वी यादव अपनी यात्रा रद्द करने का मन बनाया है. झारखंड में आरजेडी 7 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है. ऐसे में तेजस्वी यादव अब झारखंड का अधिक दौरा करेंगे. वहीं तेजस्वी यादव चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र भी जा सकते हैं.

पटना से बांका जाने के क्रम में तेजस्वी यादव ने गिरिराज सिंह की यात्रा पर धमकी भरे लहजे में कहा कि अगर कोई बिहार में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो राजद चुप नहीं बैठेगी. यानि तेजस्वी यादव ने इशारों ही इशारों में बिना नाम लिए गिरिराज सिंह की यात्रा पर बड़ा निशाना साधते हुए यह संदेश दे दिया है कि अगर यात्रा के दौरान हिन्दू–मुस्लिम की बात होगी तब तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी आरजेडी इसको लेकर पलटवार जरूर करेगी।

वहीं इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि हम अपनी यात्रा के दौरान अपने पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और आगामी चुनाव में पार्टी कैसे बेहतर परफॉर्मेंस करे, इस पर पहल की जाएगी. इसके बाद हम पब्लिक के बीच जायेंगे. वहीं तेजस्वी ने बिहार के चार सीट पर होने वाले उप चुनाव को लेकर कहा कि इसमें से तीन सीट पर तो हम लोगों की ही जीत थी. इस बार चारों सीट जीतेंगे जिस हिसाब से सरकार नकारात्मक काम कर रही है।

## हमला हुआ तो निकाल लेंगे ब्रह्मास्त्र, ईरान ने दुनिया को धमकी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**तेहरान।** महीने बेरूत में मारे गए अपने सीनियर आर्मी कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अब्बास निलफोरोशान की हत्या से ईरान अब तक बौखलाया हुआ है. उसने इजरायल से इस हत्या का बदला लेने की शपथ खाई है. अब्बास निलफोरोशान इस्लामिक रेवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स में कमांडर थे. ईरान ने कहा कि इजरायल ने उसके कमांडर की हत्या कर एक गैर–कानूनी और अक्षम्य अपराध किया है, जिसका उसे हर्जाना भुगतना होगा. ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि यहूदी शासन को दंडित करने के लिए अपने पास उपलब्ध सभी तरीकों का इस्तेमाल करेगा.

बताते चलें कि हिजबुल्ला सरगना हसन नसरल्लाह को मारने के लिए इजरायल ने 27 सितंबर को दक्षिण बेरूत में बने उसके खुफिया ठिकाने पर जोरदार हमला किया था. इस हमले में नसरल्लाह के साथ ही ईरानी कमांडर निलफोरोशान भी मारा गया था. वह आतंकी संगठन हिजबुल्लाह को सैन्य और तकनीकी मदद देने के लिए क्रॅद्ध की ओर से वहां तैनात था. इजरायली अटैक में उसका मरना ईरान के लिए बड़ा धक्का था और वह अभी तक उसका शोक मना रहा है.

**ईरान कर सकता है परमाणु ताकत का इस्तेमाल! :** इराक के शिया बहुल इलाके नजफ, कर्बला और ईरान के उत्तरपूर्वी शहर मशहद में सोमवार को शोक सभाएं कर निलफोरोशान को याद किया गया. डिफेंस एक्सपर्टों को आशंका है कि सैन्य और आर्थिक रूप से मजबूत इजरायल का सामना करने के लिए ईरान अपनी परमाणु ताकत का इस्तेमाल कर सकता है। एक्सपर्टों के मुताबिक, इजरायल और अमेरिका को सबक सिखाने के लिए ईरान ने पिछले 3 वर्षों से परमाणु हथियार बनाने के लिए यूरेनियम को एनरिच करने का कार्यक्रम डबल कर दिया है।

**कुछ ही हफ्तों में 3 परमाणु बम बना सकता है ईरान? :** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (क्अएअ) की मानें तो ईरान के पास आज की तारीख में इतना यूरेनियम मौजूद है कि वह चाहे तो कुछ ही हफ्तों में लगभग तीन परमाणु बम बना सकता है. क्अएअ अफसरों का दावा है कि ईरान का बम विकसित करने का कोई इरादा नहीं है. हालांकि उसका यह रुख वक्त के साथ बदल भी सकता है.

### परमाणु सुविधाओं पर हमला नहीं करेगा इजरायल!

इजरायल के पलटवार से डरे हुए ईरान के लिए थोड़ी राहत भरी खबर आई है. अमेरिकी मीडिया में सोमवार को छपी खबरों के मुताबिक, इज़रायल ने व्हाइट हाउस को आश्वासन दिया है कि वह ईरान के 1 अक्टूबर के मिसाइल हमले के जवाबी हमले में ईरानी तेल या परमाणु साइटों को निशाना नहीं बनाएगा। रिपोर्टों के अनुसार, इजरायल ने कहा है कि वह केवल ईरान के सैन्य स्थलों पर हमला कर सकता है. इजरायल के आश्वासन से ईरान के साथ ही अमेरिका ने भी राहत की सांस ली है. इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने क्षेत्रीय युद्ध को भड़कने से रोकने के लिए इजरायल को ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

## कांग्रेस ने की उत्तरप्रदेश विधानसभा उपचुनाव में सपा के समर्थन का ऐलान

**लोक तंत्र की आवाज़**



**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट**

**प्रयागराज।** यूपी में जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उसमें एक सीट फूलपुर विधानसभा भी जिसे लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. चर्चित सीटों में से एक फूलपुर विधानसभा सीट को लेकर कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वो इस सीट से चुनाव नहीं लड़ेगी और सपा उम्मीदवार का समर्थन करेगी. इस तरह कांग्रेस ने फूलपुर सीट छोड़ दी है।

**कांग्रेस का बड़ा ऐलानः** कांग्रेस पार्टी ने फूलपुर विधानसभा सीट पर अपना दावा छोड़ दिया है. यूपी विधानसभा की सभी 9 सीटों पर सपा कांग्रेस साथ मिलकर उपचुनाव लड़ेगी, कांग्रेस प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने जी मीडिया से बातचीत में गठबंधन में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. उन्होंने कहा कि हम विधानसभा उपचुनाव की तारीख का इंतजार कर रहे थे. बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन साथ उपचुनाव लड़ेगा. . माना जा रहा है कि हरियाणा में मिली हार से कांग्रेस ने यूपी में रणनीति बदली है. कांग्रेस सपा के साथ रहने की रणनीति पर यूपी में जड़े जमाना चाहती है। आपको बता दे कि फूलपुर सीट पर सबसे पहले बहुजन समाज पार्टी ने मैदान में अपने प्रत्याशी शिवबरन पासी को उतारा था. जबकि सप्ताह भर पहले ही अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी को यहां से उम्मीदवार घोषित कर दिया।

## यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध ने लिया एक नया मोड़

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध ने एक नया मोड़ लिया है, जहां अमेरिका ने रूस पर यूक्रेनी सैनिकों को बेदखल करने के लिए एक खतरनाक रासायनिक हथियार 'चोकिंग एजेंट' के इस्तेमाल का इल्जाम लगाया है। रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल का यह इल्जाम अमेरिका की ओर से उस समय आया है, जब युद्ध पहले से ही तीव्र हो रहा है और दोनों पक्षों के बीच अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

आपको बता दें कि 'चोकिंग एजेंट' एक प्रकार का रासायनिक पदार्थ होता है, जो श्वसन प्रणाली को प्रभावित करता है और आदमी को दम घुटने जैसी स्थिति में ले आता है। इस तरह के रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल 20वीं सदी के शुरुआती विश्व युद्धों में भी हुआ था, जहां क्लोरीन और फॉस्जीन जैसी गैसों का इस्तेमाल किया गया था। इस एजेंट का असर फेफड़ों पर होता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई, खांसी और घुटन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे एजेंट्स का उद्देश्य युद्ध में शत्रु के सैनिकों को बेबस और कमजोर करना होता है, ताकि उन्हें सरलता से हटाया जा सके।

**अमेरिका का दावाः** वहीं आपको बता दें कि अमेरिकी ऑफिसरों का बोलना है कि रूस ने यूक्रेन के युद्धक्षेत्रों में इस रासायनिक हथियार का इस्तेमाल किया है, विशेष रूप से उन इलाकों में जहां यूक्रेनी सैनिक दृढ़ता से प्रतिरोध कर रहे थे। अमेरिका ने इस बारे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सावधान किया है और इसे जेनेवा कन्वेंशन जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन कहा है, जिसमें रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल पर कठोर प्रतिबंध हैं। बता दें कि अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के ऑफिसरों ने यह भी दावा किया है कि रूस का यह कदम युद्ध में तेजी से बदलती परिस्थितियों का रिज़ल्ट है, जहां यूक्रेनी सैनिक अपनी स्थिति मजबूत कर रहे हैं।

**रूस का पलटवारः** साथ ही बताते चले कि रूस ने अमेरिकी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और बोला है कि यह अमेरिका का एक और प्रचार अभियान है, जो दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है। मास्को का बोलना है कि उनका सैन्य अभियान पूरी तरह से अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों के अनुरूप है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के आरोपों को 'बेबुनियाद' और 'गलत जानकारी' करार दिया।

## फेल हो गया इजराइल का कवच, हिजबुल्लाह ने आसमान से भेजा कुछ ऐसा, रात भर यहूदी देश से निकलती रही चीखें

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** मीडिया ईस्ट में इजरायल और हिजबुल्लाह, हमास और ईरान के बीच जारी युद्ध में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। हाल ही में हिजबुल्लाह के ड्रोन हमले में चार इजरायली सैनिकों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हुए। यह हमला पिछले साल युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे गंभीर घटनाओं में से एक माना जा रहा है।

हिजबुल्लाह द्वारा बिनयामिना के पास एक सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला किया गया, जो तेल अवीव से लगभग 40 मील उत्तर और लेबनानी सीमा के निकट स्थित है। ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है, जो हाल ही में इजरायली हवाई हमलों का प्रतिशोध है, जिसमें लेबनान में 22 लोग मारे गए थे। यहूदी देश से लोहा लेने वाले संगठन हिजबुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ और अधिक हमलों की धमकी दी है यदि इजरायली सैन्य अभियान जारी रहता है। उन्होंने कहा है कि आगामी हमले इजरायल की सुरक्षा प्रणालियों के लिए चुनौतीपूर्ण होंगे।

हालांकि इजरायली वायु रक्षा कवचों की खूबी दुनिया जानती है मगर जब हिजबुल्लाह ने हमला किया तो वो कवच फेल हो गए। हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने इजरायल की रक्षा प्रणालियों को भटका देने के लिए उत्तरी इजरायली शहरों की ओर रॉकेट दागे।

इस संघर्ष ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है, और इसके प्रभाव न केवल स्थानीय बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महसूस किए जा रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच की स्थिति बेहद नाजुक है, और आगे की घटनाएँ और भी गंभीर हो सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला प्रखंड के सोनवे गांव में डायरिया से एक व्यक्ति पीड़ित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला प्रखंड के सोनवे गांव में डायरिया से एक व्यक्ति बीमार हो गया है। जिसे परिजनों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र मिश्रा के द्वारा इलाज किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि सुबह उठते हैं उल्टी पैखाना हो गया उसके तुरंत बाद बिना सोचे समझे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया है। जहां पीड़ित के स्वास्थ्य में सुधार बताया गया है। उपस्थित चिकित्सक सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि डायरिया से बचाव को लेकर सावधानी बरतनी है।घर के आसपास कचरा जमा नहीं रखना है। साफ सफाई का ध्यान देना है। बासी भोजन नहीं करना है। चापाकल को पानी को उबालकर ठंडा कर पीना है। पीड़ित मरीज की पहचान सोनवे गांव निवासी प्रमोद प्रसाद के पुत्र पप्पू कुमार बताया गया है।

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस ने बिजली ऑफिस के पास दिया धरना




**सुनील कुमार**
**नवादा।** बुद्धवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देश पर नवादा जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनीटन सिंह की अध्यक्षता में नवादा बिजली आफिस के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया । धरना प्रदर्शन कर सरकार को स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर से हो रही परेशानी से सरकार को अवगत कराने की कोशिश की गई । धरना मे भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद हो कर अपनी अपनी बातें रखी। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा की प्रीपेड मीटर और स्मार्ट मीटर से आम आदमी को काफी परेशानी हो रही है । जिनका बिल 1000 रुपया आता था , आज उनका बिल 3000 रुपया आता है । जिससे लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । वही हिसुआ विधायक नीतू सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जब तक स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर लगाना सरकार बंद नही कर देती तक आंदोलन जारी रहेगा । इस कार्यकर्म मे उपस्थित रहे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने भी अपनी बातें रखते हुए कहा कि यह स्मार्ट मीटर नहीं लूट का मीटर है । पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंगाली पासवान ,अंजनी कुमार पप्पू, रजौली प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी ,नारदीगंज प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह , काशी चक प्रखंड अध्यक्ष सकलदेव सिंह, कौवाकोल प्रखंड अध्यक्ष चंद्रभूषण , महेंद्र बाबू , यूथ जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद, रंजीत मुखिया, अखिलेश सिंह, मोहम्मद इमरान फरहत, एजाज अली मुन्ना , विनोद कुमार पप्पु, मुकेश कुमार , एजाज अली अहमद , ड्रोन कुमार, गणेश सिंह ,शैलेंद्र सिंह,इंटक के मनीष कुमार ,रजनीकांत दीक्षित, महिला जिला अध्यक्ष शमा परवीन, गायत्री देवी ,नवादा प्रखंड अध्यक्ष संजीत कुमार, वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष गुडू कुमार, रोह प्रखंड अध्यक्ष नीतीश पासवान आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# भोजपुरी कलाकार के साथ मारपीट मामले में मुखिया सहित कई नामजद

**लोकतंत्र की आवाज**

### निर्धारित समय में कार्यक्रम नहीं करने से उग्र हुए दर्शक : मुखिया





**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड के नारोमुरार गांव में सोमवार की रात्रि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान भोजपुरी की मशहूर कलाकार अनुपमा यादव व उनके सहयोगियों के साथ अभद्र व्यवहार कर मारपीट किये जाने की प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज करायी गयी है।प्राथमिकी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के गोरखनाथ रसूलपुर गांव निवासी भोजपुरी अभिनेत्री अनुपमा यादव के द्वारा दर्ज करायी गयी। प्राथमिकी में कुटरी पंचायत के मुखिया सह ग्रामीण अभिनव आनंद तथा पूजा समिति के सदस्यों व अन्य लोगो को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि कार्यक्रम समाप्त कर जब लौटने लगी,तब आरोपियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने के साथ ही मारपीट की गयी। इस क्रम में मेरा कपड़ा फट गया और मैं बेपर्द हो गयी। मारपीट के दौरान अन्य सहयोगी भी जख्मी हो गये, जिनका इलाज स्थानीय सीएचसी में कराया गया। प्राथमिकी के अनुसार कलाकारों के गले की चेन छीन लेने तथा वाहन का शीशा तोड़ नुकसान पहुंचाने की बात कही गयी है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि कार्यक्रम का साटा मुखिया द्वारा मोबाइल के माध्यम से 31 अगस्त, 2024 को किया था,जिसके तहत बीती रात्रि कार्यक्रम पेश कर 15 अक्टूबर को 3.40 बजे कार्यक्रम समाप्त कर लौटने पर लोगों द्वारा अभद्रता की गयी। वहीं दूसरी ओर मुखिया अभिनव आनंद ने कहा है कि मुझ पर लगाया गया आरोप निराधार है। निर्धारित समय से नहीं आने और महज साढ़े तीन घंटे में दो-तीन गीत गाकर थकान का हवाला देकर समय से पहले कलाकार अनुपमा द्वारा कार्यक्रम बंद कर दिया गया, जिसके कारण दर्शक उग्र हो गये। मौके पर मुखिया द्वारा उग्र लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराने के साथ सभी कलाकारों को सुरक्षित वाहन तक पहुंचाने का कार्य किया गया,बावजूद मुझे आरोपी बनाया गया,जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

**अनुपमा के विरुद्ध भी एससी-एसटी थाने में दर्ज की गयी प्राथमिकी :** बीच में कार्यक्रम बंद किये जाने के बाद हो रहे हंगामा के




बीच-बचाव कर रहे नरोमुरार ग्रामीण वरुण पासवान के साथ कलाकारों द्वारा जाति सूचक शब्द कहे जाने के साथ मारपीट कर गुप्तांग को जख्मी कर दिया गया, जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी पासवान द्वारा दिये गये आवेदन में अनुपमा यादव सहित अन्य के विरुद्ध एससी-एसटी थाना नवादा में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन एससी-एसटी थाना नवादा में दिया गया है,घटना की जांच की जा रही है।

# क्विज प्रतियोगिता में अंकिता बनी टॉपर, एसडीपीओ के हाथों किया गया पुरस्कृत



**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के माफी गांव के समाजसेवी युवकों के द्वारा विजयदशमी के दिन विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें गांव सहित प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सफल रहे विद्यार्थियों को सोमवार की शाम माफी गढ़पर आयोजित एक समारोह में पुलिस पदाधिकारी व समाजसेवियों के हाथों सम्मानित किया गया। बता दे कि माफी गांव स्थित नवयुवक क्लब के द्वारा पिछले कई वर्षों से दुर्गापूजा संपन्न होने के बाद विजयदशमी के दिन पूजा पंडाल में ही विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित करायी जाती है। इसी कड़ी में शनिवार को विजयदशमी के दिन प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी,जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांव के विभिन्न वर्गों प्रथम से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल सभी अलग-अलग वर्गों के बच्चों को अलग-अलग विषयों की प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें सफल प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी और सर्किल इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजित क्विज प्रतियोगिता के टॉपर माफी निवासी राजेश कुमार की पुत्री 12वीं की छात्रा अंकिता कुमारी प्रतियोगिता के सभी चरणों में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही।

# पंचायत भवन में डाकघर स्थापित करने की घोषणा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** बिहार सर्किल के पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार के द्वारा प्रदेश के दो हजार से अधिक डाकघर को पंचायत भवन में स्थापित किये जाने की घोषणा की गयी है।क्षेत्रवासियों ने घोषणा का स्वागत करते हुए चीफ पोस्टमास्टर को बधाई दी है।प्रखंड के हाजीपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सह अंतरराष्ट्रीय वरीय नागरिक संघ के सदस्य सुंदर प्रसाद कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएमजी द्वारा प्रदेश भर के 2000 से अधिक पंचायत भवन में डाकघर स्थापित करने की घोषणा की है,जिससे क्षेत्र वासियों को एक ही स्थान पर सभी प्रकार की कार्य करने में सहूलियत होगी।बताया गया कि हाजीपुर पंचायत सरकार भवन,जिसमें सरकार के द्वारा संपादित सभी कार्य कार्यालय में किया जा रहा है। पंचायत भवन में पोस्ट ऑफिस स्थापित हो जाने से क्षेत्र वासियों को काफी लाभ होगा। सभी सुविधाओं से लैस पंचायत भवन में अभी प्रखंड सर्वे कार्यालय संचालित है।पैक्स अध्यक्ष शीतल प्रसाद,राजनंदन प्रसाद,अजीत कुमार,अमित कुमार,सुजीत कुमार,रामसेवक प्रसाद सिंह,जयंती देवी तथा चिंटू कुमार आदि ने चीफ पोस्टमास्टर द्वारा किए गए घोषणा का स्वागत करते हुए बधाई दी है।

# बख्तियारपुर से रजरप्पा जा रहे स्कार्पियो की हाईवा वाहन से हुई आमने -सामने की जोरदार टक्कर

**लोक तन्त्र की आवाज़**

### दुर्घटना में एक हीं परिवार के 09 लोग जख्मी , जिसमें एक की हुई मौत





**सुनील कुमार**
**नवादा ।** पटना- रांची रोड एनएच 20 थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर ए के पास मंगलवार की रात्रि करीब 11 बजे स्कॉर्पियो और हाईवे ट्रक आमने-सामने से हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है. जहां मृतक की पहचान बख्तियारपुर गांव के रहने वाले राजेंद्र महतो के रूप में की गई है. बख्तियारपुर गांव के रहने वाले मृतक के भतीजा पवन कुमार ने बताया कि घर में भाई का पुलिस विभाग में नौकरी लगा था. नौकरी लगने के बाद इसी की खुशी में एक स्कॉर्पियो पर घर के नौ परिवार झारखंड के रजरप्पा पूजा करने के लिए जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार हाईवे ट्रक ने सामने से ही स्कॉर्पियो गाड़ी में टक्कर मार दिया है. जिसके कारण घटनास्थल पर एक व्यक्ति की मौत हो गई है. वहीं आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी है. सभी जख्मी का इलाज सरकारी अस्पताल रजौली में किया जा रहा है. स्कॉर्पियो गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है. जानकारी मिलते ही रजौली के पुलिस घटना स्तर पर पहुंचकर मृतक की शव को कब्ज में ले लिया है और सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है. सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है. घटना की सूचना के बाद थानाध्यक्ष राजेश कमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को तुरंत बहतर इलाज के लिए भेजने में जुट गए. पुलिस इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

# 11 सूत्री मांगों को ले प्रखंड कार्यालय परिसर में भाकपा (मा) ने किया धरना-प्रदर्शन

**लोकतंत्र की आवाज**



- **गरीबों को पक्का मकान देना होगा, भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ, किसानों को लूटना बंद करो, परिमार्जन के नाम पर गरीबों से रुपया लूटना बंद करो आदि कई नारे लगाए गए**

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** 11 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा (मा) के द्वारा बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन अनुमंडलीय अस्पताल रजौली के प्रांगण से सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं के साथ शुरू होकर प्रखंड कार्यालय परिसर तक पहुंची।सीपीएम की रजौली स्थानीय कमेटी के सदस्य कॉ जगदीश यादव ने बताया कि आजादी के 76 वर्ष के बाद भी केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते देश के अंदर तमाम क्षेत्र में संकट व्यापक है। जिसके चलते आज देश में महंगाई, भूखमरी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है। रजौली के जंगली क्षेत्र के आम आदमी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इन्हीं परिस्थितियों को लेकर भारत की कम्युनिस्ट (मार्क्सवादी) के द्वारा बुधवार को रजौली प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित धरना-प्रदर्शन में भाकपा मार्क्सवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा कई नारे लगाए गए। गरीबों को पक्का मकान देना होगा, भ्रष्टाचार पर रोक लगाओ, भ्रष्ट सीओ होश में आओ, किसानों को लूटना बंद करो, परिमार्जन के नाम पर गरीबों से रुपया लूटना बंद करो, इंकलाब जिंदाबाद, जब तक भूखा इंसान रहेगा तब तक धरती पर तूफान रहेगा आदि कई नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि किसानों के जमीन सुधारो में (परिमार्जन में हो रही धांधली पर रोक लगाएं), विद्युत उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर लगाना बंद करें, वन विभाग द्वारा योजनाओं में हो रहे धांधली पर उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई करने एवं वनों के क्षेत्र पदाधिकारी को मुअत्तल करें, हरदिया पंचायत के जंगली इलाकों में बिजली और पानी की व्यवस्था करें, बंद वृद्ध पेंशन को चालू करें, सभी भूमिहीनों को आवास के लिए 5 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराएं आदि मांगें शामिल है। मौके पर जिला मंत्री नरेश चंद्र शर्मा, बैजनाथ सिंह, अर्जुन यादव, नरेश चौधरी समेत सैकड़ों महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे।

# साइबर डीएसपी ने 15 साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**लोक तन्त्र की आवाज़**

**सुनील कुमार**
**नवादा ।** नवादा की साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति ने गुप्त सूचना के आधार पर नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के सोरहीपुर गांव में 15 साइबर अपराधियों को मौके से गिरफ्तार किया है , जबकि एक दर्जन से अधिक अपराधी भागने में सफल रहे हैं । सभी अपराधी लोगों को प्रलोभन देकर पैसे की मांग करते थे । ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर हजारों लोगों से कई लाख रुपए की ठगी ऐसे लोगों के द्वारा किया जा चुका है । नवादा का वारसलीगंज इलाका झारखंड के जामताड़ा से कम नहीं है । क्योंकि यहां अब साइबर अपराधी डेली रूटीन में काम करने वाले कर्मचारियों को भी रखने लगे हैं। कई दूसरे जगह से वारसलीगंज क्षेत्र पहुंचकर बेरोजगार युवक इस धंधे में जुट गए हैं। इस संबंध में साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति ने प्रेस वार्ता कर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसमें 15 मोबाइल और कई महत्वपूर्ण कागज बरामद होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम कर रहे 15 अपराधी को एस आई टी की टीम ने गिरफ्तार किया है । उन्होंने बताया कि गठित एसआईटी टीम द्वारा प्रतिबिंब पोर्टल / साईबर क्राइम कर रहे नंबरों के लिए तकनीकी साक्ष्य के आधार पर



छापामारी की गई। इस संबंध में साईबर थाना कांड संख्या-62/24, 15 अक्टूबर को दर्ज किया गया । जिसमें साईबर अपराध में संलिप्त पंद्रह अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को 16 अक्टूबर को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।
प्रिया ज्योति ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास फिल्पकार्ड पर ऑनलाईन शॉपिंग का सब डाटा होता है। लोगों को कॉल करके कैश ओन डिलीवरी की जगह ऑनलाइन पेमेंट करने पर डिस्काउंट के नाम पर पैसे की ठगी करते हैं। इनाम जितने के नाम पर भी कॉल करते हैं तथा प्रोसिसिंग फ्री के नाम पर पैसे मांगते हैं।

गठित एसआईटी टीम में प्रिया ज्योति वरीय पुलिस उपाधीक्षक- सह-थानाध्यक्ष, साईबर थाना नवादा, पु०नि० संजीत सिंह अपर थानाध्यक्ष, साईबर थाना नवादा, पु०अ०नि० रविरंजन मंडल, साईबर थाना,नवादा, सि0/591 पिन्टु कुमार, साईबर थाना, नवादा, सि0/761 सौरभ कुमार, साईबर थाना, नवादा, सि0/813 रंजन कुमार, साईबर थाना, नवादा, सि0/1269 राजकुमार मिस्त्री कुमार, साईबर थाना, नवादा, सि0/604 विकास कुमार, साईबर थाना, नवादा,सि0/1041 अजय कुमार चौधरी, साईबर थाना, नवादा,सि0/1109 धुरी कुमार, साईबर थाना, नवादा। 11.सि0/1160 चंदन कुमार, साईबर थाना, नवादा , म० सि०/644 रूपम कुमारी, साईबर थाना, नवादा, चा0सि0/66 विनोद कुमार, साईबर थाना, नवादा, चा0सि0/63 पियुष कुमार, साईबर थाना, नवादा,बिहार होम गार्ड/191958 बब्लु पंडित, साईबर थाना, नवादा, स्वार्ट टीम पुलिस केन्द्र, नवादा,बीएमपी पुलिस केन्द्र, नवादा शामिल हैं । साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त में 1 छोटु कुमार उम्र-21वर्ष पिता-स्व० सौदागर मिस्त्री सा०-फुटौनीचक, थाना-नगर, जिला-नवादा, 2. शुभम कुमार उम्र-18 वर्ष पिता-रविन्द्र मिस्त्री सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा,3.गौतम कुमार उम्र-35 वर्ष पिता-देवेन्द, मिस्त्री सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा.4 गोलू कुमार उम्र-19 वर्षपिता-कमलदेव सिंह सा०-कान्धा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा,5. विकाश कुमार उर्फ कारू उम्र 22 वर्ष पिता-अजय सिंह सा०-मराची, थाना-मराची, जिला-पटना, 6. संदीप कुमार उम्र-23 वर्ष पिता-सुबोध सिंह सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा,7. संदीप कुमार उम्र-22वर्ष पिता-स्व० सुधीर सिंह सा०-बरमा, थाना-शेखपुरा,जिला-शेखपुरा वर्तमान में सा०-संजय नगर रोड नं0-02, थाना-जकनपुर,जिला-पटना8. सुबन कुमार उम्र-20 वर्ष पिता-रामानुज सिंह सा०-सोहरीपुर,थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा, 9. कुणाल कुमार उम्र-27 वर्ष पिता-अखिलेश्वर सिंह सा०-चण्डीमौ थाना-सिलाव, जिला-नालन्दा, 10. अमित कुमार उम्र-35 वर्ष पिता-सिकंदर सिंह सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा, 11. मनु कुमार उम्र-21 वर्ष पिता-कृष्ण मिस्त्री सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा, 12. अविनाश कुमार उम्र-30 वर्ष पिता-महेन्द्र सिंह सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा, 13. छोटु कुमार उम्र-19 वर्ष पिता-राकेश सिंह सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा, 14. रौशन कुमार उम्र-26 वर्ष पिता-वकील मिस्त्री सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा, 15. अंकु कुमार उम्र-26 वर्ष पिता-अशोक सिंह सा०-सोहरीपुर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा शामिल है ।

# वारिसलीगंज : कुटरी में विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में विजेता बने पवन पहलवान, दिया गया पुरस्कार

**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के कुटरी गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर सोमवार को विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के दौरान प्रखण्ड के बाली गांव के पहलवान पवन ने हरियाणा के पहलवान को पटखनी दे पुरस्कार की राशि पर कब्जा जमा लिया। प्रतियोगिता में पांच राज्यों यथा दिल्ली,उत्तर प्रदेश,चंडीगढ़,हरियाणा तथा बिहार के गया,शेखपुरा,लखीसराय व नवादा आदि जिलों के चार दर्जन पहलवानों ने अपना अपना जोर आजमाइश की। प्रतियोगिता नाट्य कला परिषद के सौजन्य से तीन श्रेणियों में विभक्त कर कराई गई।मौके पर पहलवानों ने अपना अपना करतब दिखाया। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में वारिसलीगंज प्रखंड के शाहपुर पंचायत की बाली ग्रामीण पवन ने हरियाणा के तरुण को पछाड़ कर प्रतियोगिता का पहला इनाम अपने नाम कर लिया।दंगल प्रतियोगिता के ग्रुप बी में दिल्ली के महेंद्र ने दिल्ली के ही तरुण को पटखनी देकर विजेता बन गए। ग्रुप सी में जिले के सिरदला प्रखंड के अरविंद ने वारिसलीगंज कोल्हा बीघा के सतीस को पटकनी देकर इनाम पर कब्जा जमाया।करीब पांच घंटे तक चली दंगल प्रतियोगिता में दूर दराज से पहुंचे करीब पांच हजार दर्शकों ने पहलवानों के विभिन्न दाव व हुनर को बहुत करीब से देखा।इस बीच कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्णायक की भूमिका में रहे ग्रामीण बहादुर सिंह,रामबालक



सिंह,मुकेश कुमार,मनोज सिंह को कई बार महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ा।पूरे दंगल प्रतियोगिता में स्कोरर की भूमिका में रहे राजीव पाठक तथा दंगल का आंखों देखा हाल सुना रहे पंकज पाठक ने अपनी सक्रियता से लोगो का दिल जीत लिया। बाद में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार 25 हजार रुपया की राशि ग्रुप ए के विजेता बाली के पवन को वारिसलीगंज पश्चिमी जिला पार्षद अंजनी कुमार,सौर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिलीप राउत,किशोर कुणाल के द्वारा सम्मानित किया गया।जबकि उप विजेता तरुण को 11 हजार की राशि दी गई। ग्रुप बी के विजेता को 11 हजार उप विजेता को 5100 सौ, सी विजेता को 51 सौ तथा उप विजेता को 25 सौ रुपए का नगद राशि दी गई। इस दौरान ग्रामीण केदार सिंह,परिषद के सचिव शशिकांत शरण अध्यक्ष कन्हैया कुमार,राम लखन शमां,अश्वनी पाठक, प्रभा शंकर,समेत स्थानीय थाना के अधिकारी कई प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। मौके पर जिला पार्षद अंजनी कुमार ने कहा की खेल से आपसी प्रेम एवं भाईचारा व सद्भावना बनी रहती है। कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आप इसी प्रकार भारतवर्ष का नाम ऊंचा करते रहे।

# नारोमुरार सेवक संघ ने मैट्रिक व इंटर में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड की कुटरी पंचायत के नारोमुरार गांव में सोमवार की देर शाम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन सह दशहरा मेला संपन्न हो गया। मौके पर गांव के बुद्धिजीवियों तथा समाजसेवियों द्वारा गांव में ही कार्यक्रम आयोजित कर वैसे बच्चे जो 2024 में आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त किया है,वैसे छह विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण समाजसेवी सियाराम सिंह तथा फ्रंट लाइन पब्लिक स्कूल नवादा के चेयरमैन प्रो विजय प्रसाद सिंह उपस्थित होकर मैट्रिक और इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि के हाथों



मेधा सम्मान कार्यक्रम में पुरस्कार की राशि का चेक संबंधित विद्यार्थियों को दिलवाया गया। इस संबंध में नारोमुरार सेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता धनंजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष सीबीएसई इंटर बोर्ड से ग्रामीण हरेंद्र सिन्हा की पुत्री आकृति सिन्हा ने 425 अंक प्राप्त की, जिसे 10 हजार रुपये का चेक दिया गया। शंकर कुमार की पुत्री तृप्ति शाक्या ने 420 अंक को पांच हजार रुपये का चेक तथा मनीष कुमार का पुत्र रजनीश कुमार बिहार बोर्ड जिन्होंने 348 अंक पाया,उसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि, मैट्रिक बोर्ड से प्रवीण कुमार का पुत्र सुधांशु रंजन ने 442 अंक प्राप्त किया, जिन्हें 10 हजार का चेक, बीरेंद्र कुमार का पुत्र नैतिक कुमार 440 अंक प्राप्त किया। उन्हें पांच हजार का चेक तथा रामरेखा सिंह की पुत्री सोनाली आनंद ने 429 अंक पाया,जिन्हें दो हजार चेक एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### परिवहन मंत्री ने अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की



रत्ना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद देवरिया के प्रभारी मंत्री श्री दयाशंकर सिंह ने भारतीय सेना के जांबाज नायक कैप्टन-अंशुमान-सिंह के प्रथम पुण्य तिथि पर आज लखनऊ स्थित बुद्धेश्वर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मेरे प्रभार के जनपद देवरिया के ऐसे लाल अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होना मेरे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि शहीद अंशुमान विगत वर्ष 19 जुलाई 2023 को सियाचिन में अपने सहयोगियों को बचाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। जब तक ऐसे बीर सपूत हमारे देश में पैदा होते रहेंगे तब तक हमारे देश की तरफ आँख उठाने की साहस कोई भी दुश्मन देश नहीं कर सकता। मैं ऐसे बीर सपूत के माता-पिता को दिल से नमन करता हूँ।

### कुंभ में अपनों से बिछड़ना बीते दिनों की बात, तकनीक के साथ नई कहानी लिखेगी योगी सरकार

रत्ना



प्रयागराज :महाकुंभ 2025 में शामिल होने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सरकार ने ऐसे डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना करेगा जो खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए तकनीक का सहारा लेते हैं। इसमें हर खोए हुए व्यक्ति का पंजीकरण तुरंत किया जाएगा और उसकी जानकारी को अन्य केंद्रों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और एक्स (पहले ट्वीटर) पर भी प्रसारित किया जाएगा।

### औकात नहीं होती है तो क्यों...,' लखनऊ में डिलीवरी ब्वॉय की हत्या में नया खुलासा; आरोपी ने अब क्या बताया?



रत्ना

**लखनऊ।** चिनहट के सरिता नगर कालोनी निवासी डिलीवरी ब्वॉय भरत कुमार 24 सितंबर को लापता हो गए थे। उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट चिनहट कोतवाली में दर्ज करवाई गई थी। पुलिस की छानबीन में सामने आया कि पूर्व में उसी कंपनी में काम करने वाले गजानन ने आकाश के साथ मिलकर दो महंगे मोबाइल मंगवाए थे। रुपये न देने पड़े इसलिए दोनों ने मिलकर भरत की हत्या कर दी थी। पुलिस को गजानन ने बताया कि भरत डिलीवरी देना आया तो पेमेंट को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान उसने बोला कि जब पैसे देने की औकात नहीं होती है तो क्यों इतना महंगा सामान क्यों मंगवा लेते हो। उसकी इस बात से गुस्सा आ गया, फिर भरत का गला पकड़कर अंदर कमरे में धकेल दिया। वहां पहले से आकाश मौजूद था। इसके बाद उन दोनों ने लैपटॉप के तार से भरत का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि बुधवार को गजानन की पेशी होनी थी, लेकिन सुनवाई न होने के कारण कोर्ट ने सोमवार की तारीख दी है।

### बिजनौर स्योहारा थाने का चार्ज संभाला स्वाट टीम प्रभारी अमित कुमार ने



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

बिजनौर स्योहारा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अवनीत मान अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाही के कारण पुलिस अधीक्षिक अभिषेक झा ने उनको निलंबित किया व्यवहार कुशल स्वाट टीम प्रभारी अमित कुमार को स्योहारा थाना प्रभारी बनाया गया है। इससे पहले उप निरीक्षक धीरज नागर मात्र 19 दिन ही थाना प्रभारी रहे थे स्योहारा में उन्होंने पत्रकारों को अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया जिसको लेकर पत्रकारों में इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी जिसको लेकर थाना प्रभारी धीरज नागर को लाइन हाजिर कर उप निरीक्षक अवनीत मान को थाना प्रभारी बनाया गया था। लेकिन एस आई सुनील कुमार की हिरासत में ग्राम मुंडा खेड़ी निवासी दीपक 20 वर्षीय पुत्र अरविंद सैनी की मौत हो जाने पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने थाना प्रभारी अवनीत मान एस आई सुनील कुमार मुख्य आरक्षी राजीव कुमार व महिला आरक्षी अन्नू को निलंबित कर दिया गया है। अब स्वाट टीम प्रभारी अमित कुमार को स्योहारा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। अमित कुमार ने कहा है कि थाने आने वाले सभी फरियादियों को न्याय मिलेगा नगर के समस्त नगर वासियों को थाने में सम्मान मिलेगा।

# मुरादाबाद : एसपी ग्रामीण ने किया 24 घन्टे में रहस्यमयी हत्या का खुलासा

**देवरानी ने प्रेमी के साथ साजिश रचने के बाद की थी हत्या, आला कत्ल भी किया गया बरामद**

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह



मुरादाबाद राहुल पुत्र हरपाल सिंह निवासी ग्राम दरियापुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर में घुसकर अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या करने के सम्बंध में थाना कांठ पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर घटना के संबंध में उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा प्रकरण के शीघ्र अनावरण हेतु दिये निर्देशन के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुँवर आकाश सिंह सीओ अपेक्षा निम्बाडिया के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कांठ के नेतृत्व टीमो का गठन किया गया। गठित टीमो द्वारा परिस्थिति जन्यसाक्यों, विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्ता सुधा पत्नी सौरभ निवासी ग्राम दरियापुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को दिनांक 15 अक्टूबर को व अभियुक्त लिटिल पुत्र वीर सिंह निवासी ग्रामशेरपुर रेनी थाना स्यौहारा जनपद बिजनौर को दिनांक 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त लिटिल कुमार उपरोक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू व दराती बरामद की गयी है व दोनो अभियुकतो से मोबाईल फोन बरामद पूछताछ में अभियुक्त लिटिल कुमार पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम शेरपुर थाना स्योहारा जिला बिजनौर ने बताया कि सूधा मेरेगाव व पडोस की रहने वाली है। इससे मेरे ढाई साल से नाजायज संबंध थे। सुधा की शादी करीब छः सात महीने पहले ग्राम दरियापुर के सौरभ कुमार पुत्र हरपाल सिंह से हो गयी लेकिन मेरे चोरी छिप्पे सुधा से संबंध बने रहे मेरे व सूधा के संबंधो के कारण सुधा की जेठानी सीमा सुधा को आये दिन ताने देती रहती थी क्योकि सुधा से मेरे अवैध संबंधो के बारे मे सुधा की जेठानी को पता चल गया था तथा उसकी जेठानी सीमा, सुधा से कहती रहती थी कि तेरे पेट में जो बच्चा है तेरे यार लिटिल का है। सुधा की जेठानी सुधा के पति सौरभ के आये दिन कान भरती रहती थी। हर समय कलह करती रहती थी। इस बारे मे वह मुझे फोन करके बताती थी कि मेरी जेठानी ने मेरी जिन्दगी नरक बना दी है। मेरे पति के कान भरती रहती है। मेरा पति भी मुझे ताने देता रहता हैं। इसका मुंह बन्द कराना जरुरी है। इस पर मैने कहा कि मै इसका इलाज कर दूंगा। यह बोलने लायक ही नही रहेगी। सूबह से ही सुधा मुझे फोन करने लगी। कई बार हमारी आपस में फोन पर बात हुयी इसका आजकाम खत्म कर देते है तो मैने भी सूधा की जेठानी सीमा को ठिकाने लगाने का मन बना लिया और मै अपने घर से गाँव दरियापूर आ गया तथा सुधा के ससुराल वालो के खेत पर जाने का इन्तजार करने लगा। करीब 09.00 बजे जब सुधा के ससुराल वाले जंगल को चले गये तथा सूधा की सास पहले से ही अपनी बेटी के यहाँ गयी हुई थी। बाकी सारे लोग जंगल चले गये और सुधा की जेठानी सीमा सर्फ की थैली लेने दुकान पर चली गयी थी तभी मुझे सुधा ने फोन कर घर के अन्दर बुला लिया और भूसे वाले कमरे मे बैठने को कह दिया में भूसे वाले कमरे में छिपकर बैठ गया कुछ देर बाद जब सुधा की जोठानी सीभा भूसा लेने भुस वाले कमरे में आयी तभी मैने उसे पीछे से पकड़ लिया तुरन्त ही सुधा भी आ गई। हम दोनों ने मिलकर सीमा का गला कमरे में पड़ी दराती से काट दिया परन्तु दराती का गला बैठा होने के कारण सूधा की जेठानी सीमा का गला अच्छे से नहीं कटा तो सुधा ने पीछि से कौली भर ली तथा उसके हाथ पकड़ लिये। मैने हाथ में लिये चाकू से सीमा का गला काट दिया। सीमा वही पर गिर गई थी तभी मैने व सुधा ने सीमा का गला मरते दम तक दबाये रखा था। जब हमे विक्षास हो गया कि सीमा मर गयी है तब हमने सुधा की जेठानी सीमा को भूसे वाले कमरे में डाल दिया भूसे वाले कमरे के गेट पर काफी खून पडा था। जिसे सुधा ने खुरपी से और मैने चाकू से सीमा की गर्दन काट डाली थी।

# महिला के परिजनों द्वारा प्रेमी की पिटाई से मौत



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**● युवक की मौत से मृतक के परिवार में कोहराम**

चान्दपुर। थाना चांदपुर के ग्राम बास्टा में एक महिला के परिजनों द्वारा प्रेमी युवक की पिटाई करने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। आपको बता दें। कि ग्राम बास्टा निवासी राजेंद्र पुत्र श्री मुरली अपनी बीवी बच्चों सहित पिछले कई महीनो से मृतक बलराम (24) वर्ष के यहां किराए के मकान में रह रहा था मृतक बलराम की माँ का आरोप है कि राजेंद्र की पत्नी पूनम (तीन बच्चों की मां) ने रकम ऐठने के चक्कर में उसके विकलांग बेटे बलराम को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और बलराम से जमीन बिकवा कर सारा पैसा अपने कब्जे में कर लिया उसके बाद अपने पति राजेंद्र की प्लानिंग अनुसार वह बलराम को लेकर घर से कही चली गई और जाने के दो दिन बाद 13 अक्टूबर 2024 को राजेंद्र ने अपने परियों संग जाकर उन दोनों को हरिद्वार से पकड़ लिया और दोनों को घर ले आए आरोप है कि उसके बाद रात्रि में राजेंद्र ने अपने परिजनों रिंकू पुत्र भगवानदास, मुरली पुत्र चतरू, शिवम, व राहुल, पुत्रगण मुरली, सुरेश पुत्र धन सिंह उर्फ (धन्ने), के साथ बलराम के घर पर जाकर बड़ी बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी जिसके 2 दिन बाद विकलांग बलराम की कल 15 अक्टूबर 2024 को मंगलवार के दिन मृत्यु हो गई बलराम सैनी की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है मृतक बलराम के परिजनो ने महिला पूनम सहित उपरोक्तो पर हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। और पूरे मामले का संज्ञान लिया। बास्टा पुलिस चौकी प्रभारी श्री त्रिवेंद्र राठी ने बताया। कि मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं आई है। और पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की सही जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएंगी! सभी आरोपी घर से फरार।

## यूपी की इन दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस! जल्द हो सकता है प्रत्याशियों का एलान



लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

उपचुनाव में सीटों पर कांग्रेस की हिस्सेदारी भले ही कम होगी पर पार्टी आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अपनी सक्रियता बनाए रखने का पूरा प्रयास कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि कांग्रेस प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार अपनी सक्रियता बढ़ा रही है। उपचुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर केंद्रीय नेतृत्व जल्द निर्णय करेगा। जल्द तस्वीर साफ हो जाएगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहले भी यह साफ कर चुके हैं कि उनकी पार्टी का लक्ष्य भाजपा को हराना है। उपचुनाव की घोषणा होने के बाद कांग्रेस सभी नौ सीटों पर अपने प्रभारियों व पर्यवेक्षकों को और सक्रिय करेगी। सपा से गठबंधन के चलते कांग्रेस के हिस्से खैर व गाजियाबाद की दो सीटें आने की संभावना है।

## मुरादाबाद ससुर ने बहू को पोस्ट की अश्लील वीडियो फोटो

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट असमीन सलमानी



मुरादाबाद थाना मझोला के इलाके पीड़ित महिला ने एसएचओ मझोला मोहित कुमार को शिकायत करते हुए बताया कि गत 29 सितंबर के दिन पड़ोस में ही रहने वाले उसके ससुर रामपाल द्वारा उसके मोबाइल फोन नंबर के व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो और फोटो भेजी गई। पीड़िता ने ससुर द्वारा उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर भेजी गई गंदी अश्लील वीडियो और फोटो का जब विरोध किया तो आरोपी ससुर उसकी पत्नी सावित्री और बेटी साक्षी ने उल्टा उसे ही मारपीट कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया।

एसएचओ मझोला द्वारा पीड़ित महिला की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी के साथ अश्लील वीडियो और फोटो पोस्ट किए जाने की धारा आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। एसएचओ मझोला ने बताया पीड़ित महिला के मोबाइल फोन में पोस्ट की गई वीडियो और फोटो मौजूद हैं। इतना ही नहीं रिपोर्ट में आरोपी का मोबाइल फोन नंबर भी खोला गया है।

## बिजनौर महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में ,नूतन छात्र अभिनंदन एवं चरक शपथ समारोह के साथ व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेन्द्र चौहान



प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक १६/१०/२४ को महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में ,नूतन छात्र अभिनंदन एवं चरक शपथ समारोह के साथ ढ्ंइी कोट ( अप्रोन ) सेरेमनी का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिजनौर के जिलाधिकारी महोदय अंकित अग्रवाल रहे। सर्वप्रथम जिलाधिकारी एवम उटड, उटर, उटर एवम डॉ उर्मिला कार्या प्रधानाचार्य ने सभी टइइर प्रथम बर्ष के छात्र छात्राओं को वाइट कोट (अप्रोन) पहनाया और साथ ही डॉ तुहिन वसिष्ठ द्वारा टइइर के छात्र छात्राओं को चरक सहिता की प्रतिज्ञा दिलाई. जिसके बाद जिलाधिकारी ने छात्रों को अच्छी चिकित्सा एवम शिक्षा के लिए प्रेरित किया ।उटड ने बच्चो को लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।उटर डॉ मनोज सैन एवम डॉ प्रभा रानी द्वारा बच्चो को मरीजों के साथ आचरण रखने एवम गरीब मरीज के इलाज पर अपना वक्तव्य दिया ।प्रिंसपल उर्मिला कार्या ने सभी बच्चो को कहा की भबिष्य मे एक अच्छे डॉ बनने के साथ साथ छात्र छात्राओं से कहा की बिजनौर मेडिकल कॉलेज का नाम रोशन हो और पढ़ाई के लिए प्रेरित किया.तत्पश्चात डॉ सुधांशु ने वहां उपस्थित सभी महानभावो धन्यवाद प्रस्ताव किया इसके साथ मेडिकल कॉलेज के डॉ अलोक, त्रिपाठी,डॉ अलका, डॉ रूपा, डॉ वाणी, डॉ ललित, डॉ अमित, डॉ अरिंदम, डॉ अमरदीप, डॉ सुधांशु , डॉ पुष्पेंद्र ,डॉ विक्की सिंह डॉ तुहिन बॉस, डॉ सुनील मालिक , डॉ रावत डॉ पूजा, डॉ रेखा डॉ रतन डॉ दिनेश गोस्वामी, डॉ अरुण नागतिलक, डॉ अनुज डॉ अमित डॉ अजय, डॉ अभिनव, डॉ सीरीन, डॉ अलोक चौधरी, डॉ अंशु सिंह डॉ पीयूष सिंह. के साथ साथ जूनियर एवम सीनियर रेजिडेंट उपस्थित रहे मौजूद रहे. कार्यक्रम के अंत में मीडिया प्रभारी डॉ विदित दीक्षित ने सभी उपस्थित मीडिया कर्मियों का आभार प्रकट किया।

## मुरादाबाद 20 से अधिक फ्रूटी समेत शराब तस्कर गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार

मुरादाबाद एसएचओ छजलैट मनोज कुमार द्वारा क्षेत्र में नशा कारोबारियों के साथ अवैध काम करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सब इंस्पेक्टर रामकुमार सोम ने फोर्स के साथ दबिश देते हुए खालसा की तरफ अलीपुरा पुल के पास से एक नशा कारोबारी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 से अधिक फ्रूटी शराब की बरामद की है। एसएचओ मनोज कुमार को पूछताछ में अनुज कुमार ने बताया वह गांव छज्जा नगला निवासी अपने साथियों के साथ लंबे समय से इस काम को करता आ रहा है। पूछताछ में अनुज कुमार के जिन साथियों के नामों का खुलासा हुआ है, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएचओ छजलैट ने बताया देर रात मुखबिर की सूचना पर यह सफलता प्राप्त हो पाई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अगली कार्यवाही अमल में लाई जा रही हैं।

## कालेज बोर्ड, अमेरिका द्वारा नई दिल्ली में इण्डिया ग्लोबल एलायन्स फोरम का आयोजन

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ, 16 अक्टूबर।** ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में युवा पीढ़ी के लिए उज्जवल भविष्य की अपार संभावनायें हैं, ऐसे में यह जरूरी है कि छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण के साथ उद्देश्यपूर्ण एवं स्किल बेस्ड शिक्षा प्रदान की जाये, जिससे कि युवा पीढ़ी के लिए वैश्विक सफलता का मार्ग प्रशस्त हो सके। यह विचार हैं सिटी मोन्टेसरी स्कूल की प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन के, जो आज नई दिल्ली में आयोजित इण्डिया ग्लोबल एलायन्स फोरम में प्रमुख वक्ता के तौर पर बोल रही थीं। इण्डिया ग्लोबल एलायन्स फोरम का आयोजन आज नई दिल्ली के होटल ललित में कालेज बोर्ड, अमेरिका के तत्वावधान में किया गया, जिसमें देश-विदेश के कई प्रख्यात शिक्षाविद्ों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रो. किंगडन ने 'एक्सपैंडिंग एक्सेस टु रिगर - ए स्टूडेन्ट फर्स्ट एप्रोच' विषय पर बोलते हुए आगे कहा कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल अपने छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण के विकास एवं उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु सदैव प्रयासरत है। विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों में छात्रों के उच्चशिक्षा के सपने को पूरा करने के लिए सी.एम.एस. ने कालेज बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से प्रतिवर्ष भारी संख्या में छात्र स्कॉलरशिप के साथ विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस सम्मेलन में प्रो. किंगडन के साथ स्पेन के मिगुएल कोस्टा, इण्डियाना यूनिवर्सिटी के एसोसिएट वाइस प्रेसीडेन्ट फॉर इण्टरनेशनल सर्विसेज श्री जॉन विल्कर्सन, रेयान ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन के डायरेक्टर डा. स्नेहल पिन्टो ने भी सारगर्भित विचार व्यक्त किये।




इण्डिया ग्लोबल एलायन्स फोरम के अन्तर्गत भारत समेत दक्षिण एवं मध्य एशिया के प्रमुख शिक्षाविद्ों ने एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य की संभावनाओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया, जिससे कि स्कूली शिक्षा के उपरान्त कालेज की उच्चशिक्षा हेतु छात्रों को बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके। परिचर्चा में हायर एजूकेशन लैण्डस्केप - एम्पॉवरिंग स्मूथ ट्रांजीशन फ्राम हाई स्कूल, इवाल्विंग रोल ऑफ असेसमेन्ट इन एडमीशन, ग्लोबलाइजेशन एण्ड डायवर्सिटी, सोशिया-इकोनॉमिक स्टेटस - द फाइनल डायवर्सिटी फ्रन्टियर, मॉक एडमीशन थ्रु केस स्टडीज, इन्क्रीज्ड इम्फैसिस ऑन इम्प्यालबिलिटी, बेस्ट प्रैक्टिसेज इन रिक्रूटमेन्ट एवं रिफार्मिंग सेकेण्डरी स्कूल करिकुला एण्ड एसेसमेन्ट जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। इसके अलावा, छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने में शिक्षकों की चुनौतियों एवं प्रेरक तत्वों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

परिचर्चा में एरियल लीताओ लियोनेली, एसोसिएट डायरेक्टर, मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अमेरिका, रयान हारग्रेव्स, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, यूनिवर्सिटी ऑफ कनाडा, कनाडा, तरुण आनंद, चेयरमैन, ए.आई. यूनिवर्सिटी, भारत, रोशन वॉल्करली, यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज, यूनाइटेड किंगडम, डा. अनन्या मुखर्जी, वाइस-चांसलर, शिव नादर यूनिवर्सिटी, भारत समेत अनेक मूर्धन्य विद्वजनों व शिक्षाविद्ों ने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। कालेज बोर्ड अमेरिका की एक शैक्षिक संस्था है जो कई देशों में सैट, एपी एवं पीसैट व अन्य अन्तर्राष्ट्रीय परीक्षण कराती है, जिनके अंको के आधार पर छात्रों के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा का अवसर मिलता है।

## धामपुर पुलिस ने चोरी के आभूषण सहित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज

रिकॉर्ड मुकेश सिंह



**धामपुर।** पुलिस द्वारा आज एक अभियुक्त को चोरी के आभूषण सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय धामपुर निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र मकसूद द्वारा थाना धामपुर पर तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि रात्रि में अज्ञात के द्वारा वादी के घर में रखी अलमारी का ताला तोडकर उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण तथा कुछ कागजात एवं नगदी चोरी कर ली गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना धामपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर यवाही आरंभ की गई। कार्यवाही के दौरान उपरोक्त अभियोग में अभियुक्त फिरोज पुत्र नौशाद अहमद निवासी मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा कस्बा में थाना धामपुर का नाम प्रकाश में आया।धामपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त फिरोज पुत्र नौशाद को चार कंगन पीली धातु के दो गले के सेट तथा दो जोड़ी झूमर सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त हिस्ट्री सीटर बताया जाता है जिसके के विरुद्ध पूर्व में भी थाना शेरकोट व थाना धामपुर में लगभग 13 मुकदमे पंजीकृत हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक योगेंद्र कुमार उप निरीक्षक संजय कुमार कांस्टेबल रंजीत मलिक कांस्टेबल धर्मराज सिंह शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आचार संहिता लगते ही सभी कोषांग हुए रेस



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त के निर्देशानुसार गठित कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2024 निर्वाचन से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से करना प्रारंभ कर दिया है । निर्वाचन से संबंधित जिला में कुल 16 कोषांग बनाए गए हैं । जिनमें कार्मिक कोषांग, आईटी सूचना एवं तकनीकी कोषांग, एश्ट,श्श्ढअऊ- सह - मतपत्र कोषांग, सामग्री- सह- मतदाता सूची विखंडीकारण कोषांग, वाहन कोषांग, विधि व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता-सह- सुविधा एप एवं उ -श्र्ृ' कोषांग, मीडिया -सह- हेल्प डेक्स कोषांग, निर्वाचन कोषांग, लॉजिस्टिक कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, स्वीप कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, व्यय कोषांग आदि का गठन किया गया हैं।

### 12 सूत्री मांगो को लेकर सीपीआई ने दिया धरना



लोकतंत्र की आवाज

दलसिंहसराय/समस्तीपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद के द्वारा अंचल कार्यालय पर अंचल मंत्री विनोद कुमार समीर के नेतृत्व में धरना कार्यक्रम किया गया। वहीं धरना में शामिल लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल 12 सूत्री मांगो के अंचल अधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपा। जिसमें बिजली के प्रिपेड स्मार्ट मीटर के सिस्टम को समाप्त करने, सभी बिजली उपभोक्ताओ को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, विशेष भूमि सर्वेक्षण को स्थगित करने, सर्वे काम को सुगम बनाने, बासविहिन लोगो को वास हेतु 5 डिसमिल जमीन देने, दाखिल ख़ारिज के मामले को शीघ्र निष्पादित करने सहित अन्य मांगे शामिल थे। धरना को विनोद कुमार समीर, राम बिलास शर्मा, शंकर राम, शम्भू कुमार चौधरी, महेश्वर राम, शुभेंद्र कुमार, पवन कुमार आज़ाद, अशोक रजक, गिरधर झा, उमेश राम, तपेश चौधरी, चंदू राम, जगदेव दास, धर्मवीर प्रकाश, मो निज़ाम, राम सेवक दास, कारो देवी नें सम्बोधित किया।

### भमरूपुर में मनाया गया बाबा सज्जन साह का सालाना उर्स



लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर स्थित भमरूपुर (जन्नतनगर) में हर साल की तरह इस साल भी बड़े धूमधाम से बाबा सज्जन साह का सालाना उर्स मनाया गया। बताया जाता है की उर्स को लेकर भमरूपुर में मेला लगा रहता है इस मेले में तरह तरह की मिठाई, खिलौने बिकते हैं और बच्चे भी मेला का खूब लुत्फ लेते हैं। पूछे जाने पर मजार शरीफ के खादिम मो खलील अंसारी ने बताया कि बाबा के दरबार में दूर दराज से जायरीन आते हैं और जिनकी मुरादें पूरी होती है वे बाबा सज्जन साह के मजार पर चादर पोशी कर मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ करते हैं। बाबा सज्जन साह के उर्स को सफल बनाने के लिए खादिम मो खलील अंसारी के अलावा पूर्व मुखिया मो इम्तियाज (चुन्ना), अब्दुर रहीम, मो फूल हसन, मो मुस्तफा अंसारी, मो इम्तियाज, मो मोजीबुर रहमान, मो सुलेमान, मो अलीम, हाफिज आलम नोमानी, मास्टर आसिफ़ रजा, मो महफूज, मो इस्लाम, मो साबिर, मो फारूक, मो कुर्बान, नूर मोहम्मद,अब्दुल करीम, मो सगीर अंसारी, मो जहीर अंसारी, मो असलम अंसारी, मो असगर अंसारी, मो अफरोज अंसारी आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### आज से शुरू होगा जन संवाद यात्रा : गौतम कुमार प्रीतम



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। बुधवार को राजद नेता व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौतम कुमार प्रीतम ने कहा कि चौतरफा लूट-हकमारी और सरकारों के झूठ के खिलाफ हक-हिस्सा और विकास के एजेंडा पर एकजुटता बनाने और संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए आज से सामाजिक न्याय आंदोलन (बिहार) के बैनर तले जन संवाद यात्रा की शुरुआत होगी ।प्रथम चरण में जन संवाद यात्रा आठ दिन तक चलेगा,जिसकी शुरुआत कल खरीक प्रखंड के मीरजाफरी गाँव के बुनकरों के मोहल्ले टोला से होगी। यात्रा के अगुआ गौतम कुमार प्रीतम ने बताया है कि सामाजिक न्याय आंदोलन( बिहार) बहुजनों के हक-हिस्सा और बिहार के बदलाव-विकास के एजेंडा पर एकजुटता और संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए 'जन संवाद यात्रा' कर रहा है .यात्रा के प्रथम चरण के अंत में 27 अक्टूबर को बिहपुर के बहुजन चेतना केन्द्र में जन सम्मेलन आयोजित होगा ।उन्होंने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार के विकास के दावों के बीच हमारा राज्य बिहार गरीबी व पिछड़ेपन के दुष्चक्र में फंसा हुआ है .यह गरीबी व पिछड़ापन बहुसंख्यक दलित-अतिपिछड़े-पिछड़े-पसमांदा समाज के ही हिस्से है। कृषि गहरे संकट में है ।उद्योग-धंधों का भी विकास नहीं हो रहा है .रोजी-रोटी के लिए बड़े पैमाने पर पलायन जारी है ।सरकारी शिक्षा-चिकित्सा व्यवस्था बदहाल है ।उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर चौतरफा लूट चल रहा है,विकास व कल्याणकारी योजनाओं से लेकर सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है ।उन्होंने कहा कि यात्रा में राज्य-केन्द्र सरकारों के झूठे दावों की पोल खोली जाएगी और आम अवाम के असली मुद्दों पर चर्चा होगी।

# समस्तीपुरः अपनी दस सूत्री मांगो को लेकर जीविका दीदियों ने किया सीएलएफ कार्यालय पर हंगामा

लोकतंत्र की आबाज




समस्तीपुर। जिले के खानपुर प्रखंड के अंतर्गत सीरोपट्टी (इलमासनगर) स्थित सीएलएफ कार्यालय पर जीविका दीदियों ने अपने दस सूत्री मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया। इतना ही नही मुख्य मंत्री नीतीश कुमार मुर्दाबाद एवं नीतीश कुमार हाय हाय के नारे लगा रहे थे। इन लोगों का कहना था कि 2000 में दम नहीं 25 हजार से कम नहीं।

इन लोगों के मुख्य मांगों में सभी कैडरों को जीविका की ओर से नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र मिलें, मानदेय कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलंब रोक लगे, सभी कैडरों का मानदेय कम से कम 25 हजार और नियमित हो, काम से हटाने की धमकी पर रोक लगे और धमकी देने वाले पर सख्त क़ानूनी कार्रवाई हो, सभी कैडरों का क्षेत्र भ्रमण भत्ता कम से कम 3000 हो, महिला विकास निगम के कर्मियों का अस्तित्व को बरकार रखते हुए I DE/CEO मानदेय वृद्धि हो, सभी अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को क्रमशः संकुल स्तर पर 500, ग्राम संगठ स्तर पर 300, स्वयं सहायता समूह स्तर पर 200 रुपये बैठक भत्ता मिले जीविका के कार्यालय आदेश 3868 दिनांक 19.01.2015 के अनुसार मिलने वाले उनके यात्रा भत्ता में 50% की वृद्धि हो, पांच साल पुराने सभी जीविका दीदियो का ऋण माफ हो, परियोजना में तीन साल पूरा करने वाले कैडरों के लिए स्टाफ के रूप में पदोन्नति की तय हो, सभी कैडरों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ, अवकाश, महिला कैडरों को विशेष अवकाश , मातृत्व अवकाश, 2 लाख का मेडिक्लेम एवं 5 लाख का डेथ क्लेम मिले। इतना ही नहीं जिस प्रकार आंगन बाड़ी सेविका और सहायिका को ड्रेस मिला रहा है, उसी प्रकार हमलोगों ड्रेस मिले।

अभी जीविका दीदियों ने बताया कि गत 2 सितंबर 2024 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। उन लोगों ने कहा कि जब तक हमलोगों की मांगे पूरी नहीं होगी तबतक हड़ताल जारी रहेगा। इस अवसर पर जीविका कैडर संघ के अध्यक्ष रेणु कुमारी, सचिव ओम प्रकाश सहनी, कोषाध्यक्ष पूनम ठाकुर, विश्वास सीएलएफ के एम बी के अनिल कुमार राय, लेखापाल अजीत कुमार, राम बाबू कुमार, पंकज कुमार, सी एम बुलबुल कुमारी, रिंकू देवी, पूनम कुमारी, विनिता देवी, अंबाला कुमारी, अनिता कुमारी, राम दाय देवी, काजल कुमारी, पिंकी कुमारी, विभा कुमारी, सुनीता कुमारी, फूल बाबू, वीणा कुमारी आदि मौजूद थे।

## जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या





लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। समाहरणालय स्थिते कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने आमजनों की समस्याएं सुनी। जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थिते पवन कुमार साह , भोला यादव , खुशी देवी , शिल्पी कुमारी से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। उपायुक्त ने संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

## प्याऊ/पियाऊ का उद्घाटन किया गया



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती/कहलगांव। कहलगांव वार्ड न० -17 शितला स्थान के पास श्री रघुनाथ मंडल घर के निकट 4,95,800/ रू के लागत से निर्मित पिआऊ का उद्घाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष संजीव कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार, पार्षद योगेन्द्र सहनी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निरज कुमार, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार राणा, देवेन्द्र भगत, रामू शर्मा, नरेश विश्वकर्मा, विनोद मंडल, सुनील पोद्दार, बबलू साह, डब्लू राम, रधुनाथ मंडल, रूदल मंडल, ईश्वर शर्मा, मज्जो बैठा के आलावे दर्जनो ग्रामीण मौजूद हुए। इस प्याऊ के निर्माण से लगभग 60 घर को पीने का पानी उपलब्ध हो गया, हालांकि घर-घर जल-नल योजना के तहत इस स्थल पर कहीं पाइपलाइन नहीं बिछाया गया है ।जिससे पानी का गंभीर समस्या थी। इस प्याऊ के निर्माण से इस मोहल्लेवासी को बहुत सुविधा प्रदान हुआ और लोग उत्साहित हैं।

## राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन के उद्घाटन मैच में मुजफ्फरपुर ने सुपौल को किया पराजित : राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम



बिहपुर। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ व चित्रांश खेल एवं सांस्कृतिक मंच के द्वारा आज से बैधनाथ प्रसाद मेमोरियल 31वीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप बीपी इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल मिठनपुरा,मुजफ्फरपुर में शुरू हुआ। चैंपियनशिप के बालक वर्ग के उदघाटन मैच में मेजबान मुजफ्फरपुर ने सुपौल को 35-25 से से पराजित कर विजय अभियान प्रारंभ किया। इस मैच में मुजफ्फरपुर की ओर से अंकित कुमार,आकाश कुमार,आदित्य कुमार एवं सुपौल की ओर से अभिजीत, रौनित कुमार,पीयूष कुमार ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

चैंपियनशिप का विधिवत उदघाटन भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के अध्यक्ष -सह- सदस्य, बिहार विधान परिषद प्रो.नवल किशोर यादव ने दीप प्रज्वलित व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जबकि विशिष्ट अतिथि बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर,जमुनी लाल कॉलेज हाजीपुर के सहायक प्राध्यापक प्रो.अरुण दयाल, बीपी इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सुमन कुमार, डीपीएस मुजफ्फरपुर के डायरेक्टर राजीव कुमार,प्रायोरिटी बैग्स के प्रोपराइटर तुषार जैन थे। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष के.के.सिन्हा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव राजीव कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर डॉ.अमृता,डॉ.साहिल सिन्हा, नरेश प्रसाद,राजेश सिन्हा, राजेश सिन्हा, संदीप कुमार, मुकेश रंजन, संतोष कुमार, अलका वर्मा,डॉ.अजय कुमार, पंकज कुमार, आनंद कुमार, चंद्रशेखर, वीरेश कुमार सहित अनेक खेलप्रेमी उपस्थित थे। यह जानकारी राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने दी।

## गिरिराज सिंह को नफरत की राजनीति छोड़ सरकार की उपलब्धियों को बताना चाहिए : अरुण यादव

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम



बिहपुर। बुधवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए ।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गिरिराज सिंह का यात्रा नफरत फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाला है। इस तरह की यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के बदले नीतिश सरकार ने नफरत फैलाने वालों को खुली छूट दे रखी है, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि गिरिराज सिंह को नफरत फैलाने की राजनीति छोड़कर एनडीए की केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताना चाहिए। गिरिराज सिंह भी केंद्र सरकार में पिछले 10 वर्षों से मंत्री हैं। उन्होंने बिहार और बिहार की जनता के लिए केंद्रीय मंत्री रहते क्या किया अपनी उपलब्धियों को बताना चाहिए।राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, हत्या, लूट, डकैती, अपहरण और बलात्कार की घटनाएं चरम पर है। बाढ़ और कटाव की समस्याओं से जनता कराह रही है। फिर भी गिरिराज सिंह सहित सरकार में बैठे लोगों को कोई चिंता नहीं है।राजद प्रवक्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी ने पढ़ाई, लिखाई, दवाई, सिचाई, कमाई, सुनवाई और कार्रवाई सहित जनता से जुड़े मुद्दों पर आधारित राजनीति शुरू की है और बिहार की राजनीति जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर आधारित ही चलेंगी। भाजपा की विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति अब चलने वाली नहीं है।

## समस्तीपुर डीएम ने शिवाजीनगर व खानपुर प्रखंड का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज
दिलीपकुमार ठाकुर



खानपुर/समस्तीपुर। जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने खानपुर प्रखंड -सह -अंचल कार्यालय एवं शिवाजीनगर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा प्रखंड शिवाजीनगर स्थित विभिन्न कार्यालय यथा प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय ,बाल विकास परियोजना कार्यालय ,आपूर्ति कार्यालय सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों का निरीक्षण किया।

सभी संबंधित पदाधिकारियों को आम जनता से जुड़े मामलों के त्वरित एवं पारदर्शी पूर्ण तरीके से निष्पादन हेतु निर्देशित दिया गया। इसके अतिरिक्त शिवाजीनगर स्थित नवनिर्मित प्रखंड -सह- अंचल कार्यालय की जानकारी प्राप्त की गई तथा शीघ्रातिशीघ्र नवनिर्मित प्रखंड -सह-अंचल कार्यालय से संबंधित मामलों का निपटारा करते हुए भवन हस्तांतरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। इसके पश्चात खानपुर प्रखंड अंतर्गत प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय आपूर्ति कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय सहित सभी प्रखंड स्तरीय कार्यालय का निरीक्षण किया गया। एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर आकाश चौधरी अनुमंडल पदाधिकारी रोसड़ा, विशेष कार्य पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी महमूद आलम बीडीओ खानपुर विजय चंद्र तथा अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीरपैंती ठाकुरबाड़ी में शरदपूर्णिमा धूम धाम से मनाया गया





लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। शेरमारी ठाकुरबाड़ी में शरद पूर्णिमा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है ।इस अवसर पर आर एस एस के सदस्यों ने गण व्यायाम का प्रदर्शन किया ।अनेक प्रकार के मनोरंजन युक्त खेलों का प्रदर्शन किया गया । सामूहिक रूप से बैठकर के शाखा के बारे में विस्तार से बताया गया । उसके बाद परिचय सत्र का भी आयोजन किया गया।

शाखा गीत गाए गए।परिचय सत्र के बाद देर रात ठाकुरबाड़ी में राधा कृष्ण को खीर भोग लगाया गया । लक्ष्मी पूजन किया गया।सुनील कटारुका ने विस्तार से शरद पूर्णिमा के बारे में जानकारी दी।प्रसाद के रूप में खीर को बांटा गया । पंडित रतन पाठक ने वैदिक विधि से पूजन संपन्न कराया इस अवसर पर सुनील कटारूका, दिप्तेंद्र वर्नवाल, राजेंद्र कटारुका,बजरंगी साह,पंकज जयसवाल ,राजेश दत्ता ,रविंद्र कुमार, प्रभास कुमार भगत, विजय बनर्जी, राम देव साह, मानस चक्रवर्ती, संतोष गुप्ता,चमन कुमार, प्रकाश तांती , कैलाश तांती,अशोक कुमार, संतोष कुमार साह ,पप्पू मिश्रा , सुनिल पाण्डेय,सहित आने के लिए उपस्थित है। महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थिति थी।

## बिहपुर दक्षिण में जेआर हॉस्पिटल का किया गया उद्घाटन





लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

- क्षेत्र के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था जिला परिषद सदस्य : मोईन राईन

बिहपुर। बुधवार को प्रखंड के बिहपुर सोनवर्षा पंचायत (मिराचक) में बुधवार को जे.आर. हॉस्पिटल का पूजा-पाठ के साथ आज भव्य उद्घाटन किया गया। जे. आर. हॉस्पिटल का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम व बिहपुर पूरब मुखिया मोहम्मद सलाउद्दीन ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया।

उद्घाटन समारोह के मौके पर वार्ड प्रतिनिधि मोहम्मद फिरोज उर्फ फिजो, धन्नु मिश्र, विकास कुमार पोद्दार, राकेश कुमार पोद्दार ,मोहम्मद सलीम, मोहम्मद निसार, राजेंद्र यादव, घाटो मंडल, मोहम्मद अफरोज,व अन्य लोग उपस्थित थे. राकेश कुमार पोद्दार ने बताया कि जे आर हॉस्पिटल में एमबी.बी.एस. डॉक्टर नंदन कुमार के द्वारा उपचार किया जाएगा। विशेष जानकारी देते हुए कहा कि इस में इमरजेंसी, ऑपरेशन, डिलवरी पेशेंट, सहित अन्य बीमारियों का भी इलाज किया जाएगा. जे.आर. हॉस्पिटल की निदेशक मोनिका कुमारी व जूही कुमारी ने बताया कि इस हॉस्पिटल में 24 घंटा सुविधा दी जाएगी। आगे बोली कि जल्द अल्ट्रासाउंड एवं एंबुलेंस व अन्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उद्घाटनकर्ता ने बताया बिहपुर जैसे जगह में एक अच्छे अस्पताल की जरूरत है हम आशा करते हैं कि यहां के जरूरत मंद रोगी का बेहतर इलाज होगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### स्वास्थ्य उप केंद्र की स्थापना के लिए स्व. बजरंगी नारायण ठाकुर के पुत्र डा. मनीष कुमार ने दी 5 कट्ठा जमीन स्वास्थ्य उपकेन्द्र की स्थापना होने से लोगों को होगी इलाज सम्बन्धित सुविधा– सिविल सर्जन



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः जिले के ढाका प्रखंड के जटवलिया पंचायत स्थित गोरगाँवा में जल्द ही स्वास्थ्य उपकेन्द्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए 5 कट्ठा जमीन स्वास्थ्य विभाग को दान में मिला है जिसके अधिग्रहण का प्रयास किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि उक्त क्षेत्र में स्वास्थ्य उपकेन्द्र की स्थापना होने से स्थानीय लोगों के इलाज में काफ़ी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले के कई प्रखंडों में 10 स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जाने हेतु जिलास्तर पर विभागीय पहल की जा रही है।

### सहपाठी प्रहार से तेरह वर्षीय छात्र की हुई मौत



दिलीपकुमार ठाकुर

खानपुर/समस्तीपुर। थानाक्षेत्र के मध्यविद्यालय विशनपुर में वर्ग 7 में अध्ययनरत छात्र अमरनाथ कुमार यादव उम्र करीब 13 वर्ष पिता आनंद कुमार यादव ग्राम विशनपुर वार्ड 9 थाना खानपुर जिला समस्तीपुर की मृत्यु दोपहर मध्यांतर के समय विद्यालय के सामने सड़क पर खेलते समय सहपाठी द्वारा किए प्रहार से हो गया। खबर पर पहुंची खानपुर थाना पुलिस द्वारा लाश को अंत्य परीक्षण वास्ते सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा जाना है। परंतु ग्रामीणों द्वारा लाश नहीं उठाने दिया जा रहा था। घटना स्थल पर खानपुर बीडीओ सीओ एसएचओ पहुंच लोगो को समझने का प्रयास कर रहे है । इस मौत खबर से चारो ओर हाहाकार मच गया है।

### इतना हीं लो थाली में व्यर्थ न जाये नाली में विश्व खाद्य दिवस पर चर्चा आयोजित

समस्तीपुर। जिले के रा.उ.म.विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ सह उच्च माध्यमिक विद्यालय विशनपुर बथुआ पूसा, समस्तीपुर में बुधवार को चेतना सत्र में विश्व खाद्य दिवस पर चर्चा किया गया। विद्यालय अध्यापक विजेन्द्र कुमार झा द्वारा मंच संचालन किया गया। छात्र छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन के माध्यम से अन्न न बर्बाद करने का अपील किया। अन्न उपजाने वाले किसानों के सम्मान में यह नारा लगाया गया। इतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाये नाली में। अंत में छात्रों ने अन्न न बर्बाद करने का संकल्प लिया। इधर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुबौलीराम में वर्ल्ड फूड डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक अमरेश कुमार और नेतृत्व शिक्षक सूर्य प्रकाश ने किया। मौके पर वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व खाद्य दिवस को मानने के पीछे का असल उद्देश्य लोगों को कुपोषण और भुखमरी के प्रति सचेत करना है, ताकि दुनिया में कोई भी व्यक्ति भूख के कारण अपनी जान न गंवाए। बाल संसद के सदस्यों द्वारा भी खाद्य दिवस के बारे में चर्चा की गई। बाल संसद के सदस्यों में राजनंदनी, सोफिया, आदर्श, मानसी, अनिकेत, अनुराधा, आकृति तथा सभी शिक्षक मौजूद थे।

## गौनाहा : बिहार बदलो न्याय यात्रा का शुभारम्भ भितिहरवा से गाँधी आश्रम से किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**चाणक्य भूमि गौनाहा**
**संवाददाता मेराज आलम**

**गौनाहा/**भाकपा माले कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को महात्मा गांधी के ऐतिहासिक कर्मभूमि भितिहरवा गांधी आश्रम से बदलो बिहार, न्याय पदयात्राः का शुभारंभ किया।इस मौके पर भाकपा माले के सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, भाकपा माले के केंद्रीय कमिटी के महासचिव सरोज चौबे, किसान महासंघ के नेता सुनील राव, इंसाफ मंच के नेता फरहान राजा सहित अन्य नेताओं ने गांधी को माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की।इस अवसर पर एक सभा का आयोजन भी किया गया।जिसकी अध्यक्षता भाकपा माले के सुनील राव ने की।सभा को संबोधित करते हुए सिकटा विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि राजग सरकार गरीब विरोधी है।इस सरकार में गरीबो को न्याय नही मिल रहा है।गरीबो के साथ जुमले बाजी हो रही है।उन्होंने

**16 से 25 अक्टूबर तक चम्पारण से मुज़फ़्फ़रपुर तक करेगी पदयात्रा।**




कहा कि प्रधानमंत्री देशवासियों से यह वादा किए थे की 2022 तक सभी गरीबों को पक्का मकान मिल जाएगा।परंतु बिहार के 41 लाख लोगों को आज भी पक्का मकान नहीं है।लोग कच्चे मकान व झोपड़ी में रह रहे हैं।बिहार के लाखों गरीब परिवार आज भी सड़क की किनारे गुजर बसर कर रहे है।डबल इंजन की सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा की सरकार स्मार्ट मीटर के माध्यम से लोगो का खून चुस रही है।सर्वे कराकर सरकार गरीबो को बेदखल करना चाहती है।उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, दलित, महिला, अल्पसंख्यक, नौजवान, बेरोजगार के साथ अन्याय कर रही है।यही कारण है कि भाकपा माले बिहार के पाँच स्थलों से 16 से 25 अक्टूबर तक पदयात्रा कर बिहार के लोगो को जागरूक कर रही है।भितिहरवा गांधी आश्रम से 16 अक्टूबर को शुरू हुई पदयात्रा गौनाहा प्रखंड के बेलवा बहुअरी गाँव मे जनसभा कर भोजनो उपरांत पचरुखिया में नुक्कड़ नाटक करेगी।वहां से नरकटियागंज भगत सिंह चौक पर जनसभा कर आगे की ओर प्रस्थान करेगी।भाकपा माले के पदयात्री बेतिया, मोतिहारी आदि जगहों के विभिन्न गांवों व कस्बो से होते हुए 25 अक्टूबर को मुज़फ़्फ़रपुर के जुब्बा सहनी पार्क में एक सम्मेलन का आयोजन करेगी।भाकपा माले के 5 स्थलों से शुरू किया गया पदयात्रा पटना के लिए प्रस्थान करेगी।जहाँ 27 अक्टूबर को बिहार के विभिन्न कस्बो से चले पदयात्री भाकपा माले के महा सम्मेलन में भाग लेंगे।भितिहरवा गांधी आश्रम सेः बदलो बिहार न्यायः पदयात्रा में सिकटा बिधायक बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, भाकपा माले के महासचिव सरोज चौबे, किसान महासंघ के नेता सुनील राव, लालजी यादव, फरहान राजा, प्रभुदेव यादव, दिनेश कुशवाहा, नंदकिशोर महतो, रामेश्वर मांझी, सर्वजीतराम, हारून अंसारी, रामबृक्ष मांझी, सरोज देवी, कुमारी देवी, घनश्याम मुखिया, एजाजुल गद्दी व अन्य शामिल थे।न्याय यात्रा के माध्यम से भाकपा माले ने अपने सात सूत्री मांगों को सरकार के समक्ष रखा।


## मोतिहारीः भारत–नेपाल सीमा पर तस्करों के हौसले बुलंद, तस्करी रोकने पर एसएसबी जवानों पर बोला हमला; हथियार छीनने की कोशिश दो तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।




लोकतंत्र की आवाज़

**मोतिहारी/रक्सौलः** भारत–नेपाल सीमा पर अंतरराष्ट्रीय तस्करों के गिरोह का दुस्साहस दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बेखौफ तस्करों ने एसएसबी जवानों पर हमला कर दिया है।साथ ही उनके हथियार छीनने की कोशिश की है।एसएसबी जवान ने आत्मरक्षा में गोली चला दी है। घटना प्रेम नगर के मैत्री पुल के पास की है।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पर नेपाल के आर्म्ड फ़ोर्स, क्राइम ब्रांच, एसएसबी कमांडेंट एवं जिला पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गई। एसएसबी के कमांडेंट विकास कुमार ने बताया कि तस्करी रोकने के दौरान एसएसबी जवान के साथ तस्करों ने मारपीट की है। आत्मरक्षा में एसएसबी जवान ने फायरिंग की, जिससे तस्कर भाग खड़े हुए। तस्करों के गिरोह की पहचान की जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ तस्कर सामान लेकर बॉर्डर क्रॉस कर रहे थे कि एसएसबी जवान नवीन ने उन्हें रोका। इतने में तस्करों ने हल्ला करके आसपास के तस्करों को बुला लिया और सभी ने एसएसबी जवान पर हमला कर दिया। तस्कर एसएसबी जवान नवीन को गाली देते हुए नो मैंस लैंड तक खींच ले गए और उससे हथियार छीनने की कोशिश की। इस बीच जवान ने हवाई फायरिंग कर दी, जिससे तस्कर भाग खड़े हुए। वहीं पुलिस ने तत्वरित कारवाई कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

## बगहा के बरवल पंचायत में पर्यावरण प्रेमी ने विशालकाय मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू कर तिरुहुत नहर में छोड़ा



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा** दो अंतर्गत नरवल बरवल पंचायत स्थित आईपीएस विकास वैभव चौराहा के समीप नहर से एक विशालकाय मगरमच्छ निकला। जिससे आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया।वही पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव के सूझ बूझ के बदौलत स्थानीय लोगों की मदद से नहर से विशालकाय मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू किया गया। पर्यावरण मित्र गजेंद्र यादव ने बताया कि आईपीएस विभाग विकास वैभव चौराहा के समीप नहर से एक विशालकाय मगरमच्छ बाहर निकला।जिसे पकड़ने के लिए चारो तरफ से जाल फैलाया गया और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू किया गया।जिसे तिरुहुत नहर में सफलतापूर्वक छोड़ा गया। गजेंद्र यादव ने बताया कि अक्सर मगरमच्छ बाहर निकलकर रिहाशी इलाकों और सड़क के बाहर आ जाते हैं। जिसके कारण जानवर का शिकार या रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन से कटने से उनकी मौतें हो जाती हैं।उन्होंने कहा कि अक्सर इस नहर के बाहर मगरमच्छ निकालने की घटना होती रहती है। वन विभाग इस पर संज्ञान ले और इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें।

## डां0 कलाम रत्न अवॉर्ड से कोलकाता में चंपारण के लाल डां0 राजु मिश्रा को किया गया सम्मानित कोलकाता में अयोजित कार्यक्रम में 25 देशों के 300 डेलीगेट ने भाग लिया

लोकतंत्र की आवाज़

**संवाददाता आज़ाद**

**गौनाहा/**नेशनल डेलीगेट के रूप में राजु मिश्रा का चयन क चंपारण का प्रतिनिधित्व के लिए किया गया था चम्पारण के लाल बीस साल के उम्र में ही वर्ल्ड रिकॉर्ड का सफर किया तय कोलकाता में लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित चम्पारण के लाल को किया गया अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत चंपारण की सामाजिक संस्था अस्तित्व फाउंडेशन के संस्थापक दिउलिया स्वास्थ्य बिभाग में कार्यरत सुरेश मिश्रा के पुत्र डा राजु मिश्रा को कोलकाता में आयोजित होने वाले एक अंतराष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया की देश के पूर्व राष्ट्रपति एवम मिसाइलमैन के नाम से विख्यात डा ए पी जे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर ख़्वाब फौंडेशन की ओर से 27 जुलाई 2024 को कोलकाता में कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 5.0 आयोजित की गई थी इस कार्यक्रम में भारत के 28 राज्यों और बिहार के 38 जिलों से कुल 300 डेलीगेट्स के द्वारा भाग लिया गया था। इस कार्यक्रम में चंपारण के प्रतिनिधित्व करने के लिए चंपारण के नरकटियागंज के निवासी डा राजू मिश्रा का चयन किया गया था। इस कार्यक्रम में डा राजु मिश्रा उनके मेडिकल के पढ़ाई के साथ साथ मेडिकल फील्ड में ही उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यक्रम के लिए डा कलाम यूथ रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जो की चंपारण क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।आपको बता दे कि उनकी संस्था अस्तित्व फाउंडेशन वर्ष 2019 से स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रीय भूमिका निभाती रही है।उनको इससे पहले वर्ष 20 में नई दिल्ली में इंटरनेशन यूथ कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया । कई राजस्तरीय तथा अंतराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। और इसी कार्य के लिए उनका नाम बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया हैं।य मानवता की सेवा के लिए किसी संस्था का निमार्ण करने के लिए एक अच्छे दिल और विचार की आवश्यकता होती है। डा० राजू मिश्रा अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई के साथ साथ अस्तित्व फाउंडेशन के द्वारा समाज में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। अ कार्यक्षेत्र के रुप में ये संस्था नारी सशक्तिकरण, निःशुल्क चिकित्सा, निःशुल्क शिक्षा, रक्तदान महादान, तथा नशा मुक्त भारत के प्रती कार्य करने हेतु तत्पर हैं। एमबीबीएस छात्रों के समूह ने सामाजिक भावना और सामाजिक समस्याओं के प्रती संवेदनशीलता प्रकट करते हुए कहा कि सिर्फ पैसा कमाना हमारा मकसद नहीं है, हम समाज हित के लिए विभिन्न पहलुओं पर गहरी निष्ठा, लगन, और रुची के साथ निःस्वार्थ सेवा देकर मानवता के हित में अपनी योगदान देना चाहते हैं।समाज कल्याण में अपनी सक्रीयता के लिए अस्तित्व फाउंडेशन को कई बार राज्यस्तरीय सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में कढइफ भारतीय सेवा गौरव सम्मान सर्टिफिकेट से नवाजा गया है।इन्होंने जिस तरह मानव सेवा के लिए निरंतरता और सक्रीयता दिखाया है , अपने जागरूकता को लेकर युवाओं के बीच प्रेरणा के श्रोत बन चुके हैं। तथा इससे कई यूवा आगे बढ़कर अस्तित्व फाउण्डेशन के साथ मानवता के हित में अपने सेवा के द्वारा योगदान करते हुए अपने अपने जनकल्याण की सपने को पुरा कर सकते हैं।

## जमीनी विवाद को लेकर मार पीट 8 लोगों पर फिर दर्जजमीनी विवाद को लेकर मार पीट 8 लोगों पर मुकदमा दर्ज

लोकतंत्र की आवाज




**बगहा वाल्मीकिनगर** थाना क्षेत्र के शिवलाहा गांव निवासी नथु राम ने जमीनी विवाद में मार पीट करने के मामले में 8 लोगों के विरुद्ध वाल्मीकि नगर थाना में आवेदन दे कर मुकदमा दर्ज कराई है।उसने अपने आवेदन में लिखा है, कि मंगलवार की सुबह जब मैं अपने दरवाजे पर था, तभी धनई राम गाली देते हुए आए और पूछने लगे कि मेरे जमीन से खूंटा क्यों उखड़े हो।जब मैं बोला कि मैं नहीं जानता हूँ। तभी मुझे खींचते हुए सड़क पर ले आए।जहां घात लगाए बैठे राजा राम, रामप्रीत राम, मरची देवी, हरिहर राम, बदामी देवी, सुमित्रा देवी और मीना देवी सभी मिल कर मारपीट करने लगे।तभी धनई राम बखुआ से मेरे सिर पर मार दिया।जिससे मेरा सिर फट गया।और मैं बेहोश हो गया।ग्रामीणों और घर वालों ने मिल कर मुझे बचाया।जमीनी विवाद मामले में ये लोग मुझसे मारपीट किया है।हालांकि पूर्व में पंचायत द्वारा उक्त जमीन मामले को सुलझा दिया गया था।इस बाबत जानकारी देते हुए वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 98/24 दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के शिवलाहा गांव निवासी नथु राम ने जमीनी विवाद में मार पीट करने के मामले में 8 लोगों के विरुद्ध वाल्मीकि नगर थाना में आवेदन दे कर मुकदमा दर्ज कराई है।उसने अपने आवेदन में लिखा है, कि मंगलवार की सुबह जब मैं अपने दरवाजे पर था, तभी धनई राम गाली देते हुए आए और पूछने लगे कि मेरे जमीन से खूंटा क्यों उखड़े हो।जब मैं बोला कि मैं नहीं जानता हूँ। तभी मुझे खींचते हुए सड़क पर ले आए।जहां घात लगाए बैठे राजा राम, रामप्रीत राम, मरची देवी, हरिहर राम, बदामी देवी, सुमित्रा देवी और मीना देवी सभी मिल कर मारपीट करने लगे।तभी धनई राम बखुआ से मेरे सिर पर मार दिया।जिससे मेरा सिर फट गया।और मैं बेहोश हो गया।ग्रामीणों और घर वालों ने मिल कर मुझे बचाया।जमीनी विवाद मामले में ये लोग मुझसे मारपीट किया है।हालांकि पूर्व में पंचायत द्वारा उक्त जमीन मामले को सुलझा दिया गया था।इस बाबत जानकारी देते हुए वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 98/24 दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## जन सुराज पार्टी के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज भारती कासमारोह पूर्वक अभिनन्दन भितिहरवा मे आज होगा

लोकतंत्र की आवाज़

**संवाददाता आज़ाद**

**गौनाहा/** जन सुराज पार्टी के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज भारती का आज भितिहरवा गांधी आश्रम मे समारोह पूर्वक उनका नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा।इस आशय कि जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष कृष्णा वृंद ने कहा कि मनोज भारती को जन सुराज पार्टी का प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बनने के बाद उनकी यह पहली चम्पारण यात्रा है। विदित हो कि जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने पिछले वर्ष महात्मा गांधी के ऐतिहासिक भितिहरवा गांधी आश्रम से 2 अक्टूबर को पद यात्रा शुरू की थी। प्रखंड अध्यक्ष प्रहलाद महतो ने बताया कि अभिनन्दन समारोह को सफल बनाने हेतु कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज श्रीरामपुर भितिहरवा मे कई बैठके आयोजित कि जा चुकी है। जन सुराज के युवा कार्यकारिणी सदस्य अभिजय सिंह ने



बताया कि उनके आगमन को लेकर पचरूखिया, बेलवा, पकड़ी विसौली, माधोपुर, मेघौली आदि जगहों पर तोरण द्वार बनाये गये है। प्रत्येक तोरण द्वार पर सैकड़ो लोग उपस्थित होकर उनको फूल माला पहनाकर उनका स्वागत करेंगे। ऐसे ही पकड़ी विसौली पेट्रोल पम्प के समीप सैकड़ो लोग उपस्थित होकर उनको फूलमाला पहनाकर करेंगे तथा जनसुराज पार्टी कि सदस्यता ग्रहण करेंगे। भितिहरवा मे उनका अभिनन्दन समारोह थीम पार्क के पर्यटन सभागार मे किया जायेगा। अभिनन्दन समारोह के आयोजन मे कमलेश कुमार, अनिल सिंह, कुन्दन पाण्डेय, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अरविन्द कुमार मिश्रा, अभिजय सिंह, दिनेश प्रसाद यादव आदि का योगदान काफी सराहनीय है।

## जदयू का कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम संपन्न जंगलराज से विकाशशील बिहार नितिश की देनः मनीष वर्मा

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा** जदयू द्वारा आयोजित कार्यकर्ता समागम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम नगर के चित्रांगदा मैरेज हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मजिला अध्यक्ष भीष्म सहनी एवं संचालन विजय पांडेय ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने जिले के समता पार्टी से जुड़े हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चंपारण की धरती भारतीय इतिहास के सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। सत्याग्रह करना, अहिंसा के साथ जुल्म से लड़ना, सिखाने वाली धरती का नाम है पश्चिमी चंपारण ह्यसत्याग्रहह्व के पहले स्थान होने का गौरव इसी चंपारण की भूमि को प्राप्त है। महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के लिए इस चंपारण की धरती को ही चुना। यह धरती बापू की कर्मभूमि रही है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम ऐसे पवित्र स्थान के वासी हैं। जनता दल यूनाइटेड बापू को आदर्श मानकर चलने वाली पार्टी है। हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बापू के सच्चे अनुयायियों हैं। जदयू पांच आदर्श पुरुषों के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है, उनमें से महात्मा गांधी एक हैं। यही कारण है कि हमारी पार्टी निरंतर विस्तार की ओर अग्रसर है। आगे उन्होंने कहा कि 2005 के पहले के बिहार को याद करिए यहाँ बाहुबलियों का शासन था, पूरा गुंडाराज फैला हुआ था, बच्चों और महिलाओं की हत्यायें सामान्य बात थी। कब किसकी जान चली जाए, यह कल्पना नहीं की जा सकती थी। बिहार में किस प्रकार का जंगलराज था, यह किसी से छिपा नही है। बहन–बेटियां कितनी असुरक्षित थी, कोई अपने बच्चों को शाम को घर से बाहर नहीं छोड़ना चाहता था। आज वही बिहार है जहां हमारी बहन–बेटियां रात के 12 बजे भी निश्चिंत होकर बाहर घूम रहीं हैं। उस विषम परिस्थिति में कार्यकर्ताओं ने संघर्ष करके समता पार्टी को स्थापित किया। उस कठिन परिस्थिति से बिहार को निकाल कर विकासशील बिहार बनाने का काम जदयू के कार्यकर्ताओं के दम पर नीतीश कुमार ने किया है। उन्होंने कहा कि लगातार सालों से नीतीश कुमार हमारा नेतृत्व कर रहे हैं और सरकार में रहकर बिहार के लिए लगातार विकास का काम कर रहे हैं। उनसे ही पूरे बिहार को उम्मीद है और उनके उम्मीद पर खरा उतरने का काम नीतीश कुमार ने किया है। बिहार का पुनर्विकास मात्र केवल नीतीश कुमार ही कर सकते हैं। 20 वर्ष पहले बिहार की क्या स्थिति थी, हम सबको पता है। नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद गरीबों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा को अनिवार्य किया, महिलाओं को आरक्षण दिया, बेटियों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं लागू की। बिहार के परिवर्तन में जदयू के प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान है। यह सरकार या पार्टी मात्र एक हमारे नीतीश कुमार के नाते ही नहीं चल रही है बल्कि उनके नेतृत्व में प्रत्येक कार्यकर्ता के समर्पण से चल रही है। वहां उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों से उन्होंने आग्रह किया कि अपने 30–35 साल से पार्टी को लगातार मजबूत करने का काम किया है। अब आगे 50 साल हमारी पार्टी कैसे चले, उसके लिए हमें मार्गदर्शक की भूमिका में रहकर, ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी से जोड़ने की आवश्यकता है। नीतीश को कैसा बिहार मिला था और उन्होंने कहां से कहां लाकर बिहार को खड़ा किया है, निश्चित रूप से उनके दूरगामी सोच एवं नीति के कारण और जदयू के प्रत्येक कार्यकर्ता के समर्पण के कारण नीतीश कुमार ने बिहार को इतना बदलने का काम किया है, क्योंकि हमारे नेता का नारा है, न्याय के साथ विकास यानि विकास ऐसा हो जिसमें प्रत्येक वर्ग, समुदाय, जाति, धर्म सबको विकास का लाभ मिले। विरोधियों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि पहले तो लालटेन युग हुआ करता था, अब नीतीश कुमार ने बिहार को बिजली की रोशनी से जगमग कर दिया है। लोग कहते हैं कि उद्योग–धंधे क्यों नहीं आए, जब बिजली ही नहीं थी तो उद्योग–धंधे कहां से आते। अब नीतीश राज में बिजली भी है, उद्योग भी है, बड़े–बड़े निवेश भी हो रहे हैं, विकास भी हो रहा है और रोजगार भी मिल रहा है।नीतीश कुमार एकमात्र ऐसे नेता हैं, वो जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा था कि बिहार के प्रत्येक गांव में बिजली पहुंचाएंगे, नहीं पहुंचा पाए तो अगली बार वोट मांगने नहीं आएंगे और उन्होंने इस काम को करके दिखाया। इसलिए बिहार को आगे बढ़ाने के लिए नीतीश के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव, 2025 के लिए अभी से कमर कस लीजिए, हर चौक, चौराहे पर नेता नीतीश कुमार के काम की चर्चा करिए। बूथ मैनेजमेंट कमेटी का गठन करिए, जिला, विधानसभा, प्रखंड व बूथ प्रत्येक इकाई की बैठक को नियमित करिए। ऐसा प्रचार करिए की पूरा चंपारण नीतीशमय हो जाए।समताकालीन कार्यकर्ताओं को उन्होंने नीतीश का सच्चा साथी बताया तथा उनसे आग्रह किया कि आगे 50 साल तक पार्टी को चलाने के लिए हमें मार्गदर्शक की भूमिका में रहकर युवाओं को अपने जिम्मेदारी सौंपनी पड़ेगी। हमारे हर इकाई में युवा और महिला की बराबर भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। चुनाव में महिलाओं को बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी है। इसके पूर्व उन्होंने पार्टी के सभी पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधियों, प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जदयू के जिला इकाई के समस्त कार्यकर्ता, प्रमंडल व विधानसभा प्रभारी, सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष तथा तीसरे सत्र में जिला इकाई के समस्त कार्यकर्ता, प्रमंडल प्रभारी समस्त विधानसभा प्रभारी, प्रखंड व पंचायत इकाई के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह कार्यकर्ता समागम कुल चार सत्रों में संपन्न हुआ जिसमें बूथ–पंचायत से लेकर जिले के सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं की उपस्थिती रही। साथ ही अंतिम सत्र में विधानसभा वार मनीष कुमार वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। वहीं किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मनीष वर्मा जी को हनुमान के रूप में पार्टी को मज़बूत करने के लिए बगहा की पावन धरती पर भेजे है। इस अवसर पर इस बैठक में सांसद सुनील कुमार, विधायक रिंकु सिंह, एमएलसी भीष्म साहनी, पूर्व सांसद कैलाश बैठा, पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह, पूर्व एमएलसी राजेश राम, क्षेत्रीय प्रभारी रॉबिन सिंह दया शंकर सिंह, जुगनू आलम, इजहार सिद्दीकी, नेजाम अंसारी, प्रेमशिला गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र बैठा, इम्तियाज अहमद, धीरज सहनी समेत अन्य भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### एसपी और डीआईजी से मिला लोजपा (रा) का शिष्टमंडल



सहरसा संवाददाता।लोक जनशक्ति पार्टी (रा) का एक शिष्टमंडल लोजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में जिले के पुलिस कप्तान और पुलिस उप महानिरीक्षक, कोशी रेंज से मिलकर बनमा इटहरी थानाध्यक्ष के द्वारा लोजपा रा के प्रखंड अध्यक्ष भवेश यादव के साथ दुर्व्यवहार को लेकर मिला। जिलाध्यक्ष ने थानाध्यक्ष द्वारा अपमानित करपुलिसिया रोब दिखाकर जनप्रतिनिधि को अपमानित करने का कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक और डीआईजी कोशी रेंज ने कार्यवाही करने की बात कही है। शिष्टमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता पासवान, प्रदेश महासचिव छत्री यादव, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार यादव, जिला महासचिव संजय पासवान, प्रखंड अध्यक्ष भवेश यादव, सरपंच सनोज यादव, मानस पीयूष शामिल थे।

### केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 54 वां स्थापना दिवस आयोजित



सहरसा संवाददाता।मंगलवार को स्थानीय ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के 54 वां स्थापना दिवस पर महाविद्यालय के सीएसयु विभाग में स्थापना दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन ने अपने प्रेशित संदेश में हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर 1970 को भारत सरकार के द्वारा स्वायत्त शासी संगठन के रूप में संस्कृत विश्वविद्यालय को मान्यता दी गयी थी। स्थापना काल से प्रगति के पथ पर चलते हुए 30 अप्रैल 2020 में भारत के संसद के अधिनियम के अन्तर्गत इसे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की मान्यता दी गयी। उन्होंने कहा संस्कृत भाषा के उन्नयं के लिए यह देश का नोडल निकाय है तथा राष्ट्र का एकमात्रडबल ए प्लस संस्कृत विश्वविद्यालय है। और इस विश्वविद्यालय के अंग में ईस्ट एन वेस्ट का शामिल होना अपने आप में गौरव की बात है। ईस्ट एन वेस्ट के सीएसयु समन्वयक, सुज्जवल कुमार चौधरी ने भी हार्दिक प्रसन्नता जताते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस परहर्ष जताया।महाविद्यालय के प्राध्यापक सह जनसंपर्क पदाधिकारी अभय मनोज के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा, नोडल अंशु कुमार गुप्ता, प्राध्यापक प्रमुख प्रियंका पांडेय सहित महाविद्यालय के सीएसयु के प्राध्यापकों ने भी संबोधित किया।

### कुआड़ी पुलिस ने 265 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरफ के साथ तीन अभियुक्तों को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

कुर्साकांटा :कुआड़ी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 265 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरफ के साथ तीन अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई [समय] पर की गई, जब सूचना मिली कि आरोपी अवैध रूप से दवा का व्यापार कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने छापेमारी की और तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से बरामद कफ सिरफ को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि यह दवा अवैध रूप से बेची जा रही थी, जो समाज में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।थाना प्रभारी ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम की प्रशंसा की और अवैध व्यापार के खिलाफ अभियान जारी रखने का संकल्प लिया है।

# डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का पटना साइंस कॉलेज में योगदान एक महत्वपूर्ण कदम है जो न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता लाएगा, बल्कि छात्रों और समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा

लोक तन्त्र की आवाज़

**उनका अनुभव, ज्ञान और समर्पण इस कॉलेज को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाने में मदद करेगा।**



**पटना/रानीगंज ।** विश्वविद्यालय चयन आयोग, पटना द्वारा चयनित डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का पटना साइंस कॉलेज के गणित विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में योगदान करना समाज के लिए एक गर्व का विषय बन गया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. देवेंद्र नाथ ठाकुर के समक्ष अनेक बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक व्यक्तित्वों ने हर्ष व्यक्त किया।पारिवारिक पृष्ठभूमिडॉ. अभिषेक रानीगंज नगर पंचायत के दीवानटोला निवासी हैं। उनके पिता रामकुमार मुकुल एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती मीनाक्षी देवी एक कुशल गृहिणी हैं। उनके दादा प्रो (डॉ.) उपेंद्र नारायण सिंह टी पी कॉलेज, मधेपुरा में हिंदी विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। परिवार की शैक्षणिक परंपरा ने डॉ. अभिषेक को हमेशा प्रेरित किया है।

शैक्षणिक उपलब्धियाँ डॉ. अभिषेक ने कॉलेज ऑफ कॉमर्स, पटना से स्नातकोत्तर की पढ़ाई की, जहाँ उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडलिस्ट बने। उन्होंने अपने शोध कार्य में सापेक्षता और ब्रह्मांड संबंधी मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया। इस क्षेत्र में उन्होंने 40 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित किए हैं। शोध और सम्मान डॉ. अभिषेक ने 25 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिसमें से कई प्रस्तुतियों को उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त हुआ। अब तक वे शोध के क्षेत्र में 6 प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर चुके हैं, जो उनके समर्पण और मेधा का प्रतीक है। समाज की प्रतिक्रियाएँ इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करने वालों में अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह, एमएलसी डॉ. एन के यादव, डॉ. सजीव कुमार सिंह, वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार आलोक, उप प्रधानाचार्य डॉ. नूतन आलोक, प्रो सूर्यानंद सिंह, प्रो बुद्धिनाथ सिंह, प्रो योगेंद्र यादव, सरदार ठाकुर और चंदन सिंह जैसे कई प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हैं।डॉ. अभिषेक का यह चयन न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का फल है, बल्कि यह उनके परिवार और समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। उनके कार्य से न केवल शिक्षा का स्तर ऊँचा उठेगा, बल्कि युवा पीढ़ी को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का पटना साइंस कॉलेज में योगदान एक महत्वपूर्ण कदम है जो न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता लाएगा, बल्कि छात्रों और समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उनका अनुभव, ज्ञान और समर्पण इस कॉलेज को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाने में मदद करेगा।

## के पी कॉलेज मुरलीगंज के प्रांगण में एकल विद्यालय अभ्युदय यूथ क्लब खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



लोक तन्त्र की आवाज़

**मुरलीगंज ।** 'के.पी. कॉलेज मुरलीगंज के परिसर में एकल विद्यालय अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने दौड़, कबड्डी, उंची कूद और लंबाई कूद जैसे खेलों में भाग लिया।प्रतियोगिता में कुल 33 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जो आगे जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और अंततः केंद्र स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।प्रतियोगिता के अंत में चयनित छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। पहले पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए 50 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार के लिए 30 हजार रुपए दिए जाएंगे।इस खेल कूद प्रतियोगिता में अंचल अभियान प्रमुख प्रशांत कुमार, खेल प्रमुख सुनील कुमार, और मुख्य अतिथि दिलीप कुमार यादव (बिहार प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य, जन सुराज पार्टी) के साथ डॉक्टर राजेश कुमार भी उपस्थित थे।इस आयोजन ने न केवल खेलों के प्रति छात्रों की रुचि को बढ़ावा दिया, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## 19 बोतल विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार सिमरी बख्तियारपुर थाना पुलिस की कार्रवाई



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई में पिट्ठु बैग में अवैध अंग्रेजी शराब ले जा रहे दो कारोबारी को थाना क्षेत्र के रानी हाट से गिरफ्तार किया गया। सिमरी बख्तियारपुर पुलिस अवर निरीक्षक इंदल कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर की रात गस्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि रानीहाट बाजार से सिमरी की ओर सड़क पर दो युवक पिट्ठू बैग में अंग्रेजी शराब लेकर आ रहे हैं। जिसके बाद रानी हाट बाजार गस्ती टीम के साथ पहुंचे। तो पुलिस टीम को देख कर दो युवक भागने लगे। जिन्हें खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़ में आए युवक थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव, वार्ड नंबर 7 जगदीश शाह के पुत्र पिंटू कुमार और ढाब गांव, वार्ड नंबर 9 निवासी रघुनंदन शाह के पुत्र अरविंद कुमार थे। उनके पीठ पर लदे बैग की तलाशी लिए जाने पर जहां अरविंद के बैंग से 9 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। वही पिंटू के बैंग से 10 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। इस प्रकार कुल 14.250 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। दोनों कारोबारी को अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया।

## युवाओं को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति किया जा रहा जागरूक जिले में संचालित किया जा रहा है 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है तंबाकू का सेवन

लोक तन्त्र की आवाज़



**अररिया ।** युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। 60 दिवसीय इस अभियान की शुरूआत केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा द्वारा बीते 24 सितंबर को की गयी। युवाओं द्वारा तंबाकू के उपयोग की शुरूआत को रोकना व उपयोगकर्ताओं को तंबाकू जनित रोगों से बचाने के उद्देश्य से अभियान के क्रम में जिले में जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि युवाओं को तंबाकू जनित रोगों के कुप्रभाव से बचाया जा सके। जागरूकता संबंधी गतिविधियों का हो रहा आयोजन साइकोलॉजिस्ट शुभम कुमार ने बताया कि अभियान के क्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान व तंबाकू मुक्त गांव बनाने को लेकर जरूरी पहल की जा रही है। कोटपा 2003 के तहत विशेष अभियान संचालित करते हुए सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन करते पाये जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। गंभीर स्वास्थ्य चुनौति का रूप ले चुका है तंबाकू का सेवन जिला गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन जिले में गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। विशेष रूप से युवाओं के बीच इसका इसका बढ़ता उपयोग चिंताजनक है। तंबाकू मुक्त युवा अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू सेवन के खतरों के प्रति जागरूक करना व उन्हें इस बुरी आदत से दूर रखना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसे लेकर विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेज, सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता अभियान संचालित कर लोगों को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लोगों को इस बुरी लत को त्यागने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

## रानीगंज मवेशी व्यापारी हता कांड में 01 अपराधी गिरफ्तार

लोक तन्त्र की आवाज़



**रानीगंज ।** दिनांक-07.08.24 की सुबह करीब 07 बजे अररिया रानीगंज मार्ग पर रामपुर नहर के समीप मवेशी व्यापारी मो० बाबू अख्तर, उम्र करीब 40 वर्ष पिता- मो० सुलेमान, सा०- बरबन्ना, थाना- पलासी, जिला- अररिया को मोटर साईकिल सवार अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर लूट की घटना (कजरा पूल के पास) को अंजाम दिया गया था, जिसका ईलाज के कम में मृत्यु हो गई थी। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुये रानीगंज थाना, एफ एस एल एवं डी०आई०यू० टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया गया था। इस संबंध में रानीगंज थाना कांड सं0-354/24, दिनांक-07.08.24, धारा-309(6)/103 (1) बी०एन०एस० एवं 27 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया था। कांड के सफल उदभेदन एवं कांड में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अररिया के नेतृत्व में थानाध्यक्ष, रानीगंज थाना, एवं डी०आई०यू० के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा तकनीकि एवं वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुये आसूचना संकलन उपरांत कांड का सफल उदभेदन करते हुये घटना में शामिल अभियुक्त 01. सौरभ यादव पिता दिनेश यादव, सा०- भोड़हा, वार्ड न०-12, थाना- रानीगंज, जिला- अररिया को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में घटनाक्रम का पूर्ण विवरण बताये तथा घटना में शामिल अन्य अपराधियों के संबंध में स्पष्ट किया गया है।घटना में शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु एवं घटना में प्रयुक्त आर्म्स की बरामदगी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।बरामदगी1. घटना कारित करने में प्रयुक्त मोबाईल-01छापामारी दल में शामिल सदस्य 01. पुलिस निरीक्षक-सह-थानाध्यक्ष निर्मल कुमार यादवेन्दु,रानीगंज थाना।2. पु०अ०नि० कनक लता, रानीगंज थाना।3. पु०अ०नि० पूनम कुमारी, रानीगंज थाना।4. पु०अ०नि० सुरेन्द्र कुमार, रानीगंज थाना।5. स०अ०नि० रवि प्रकाश, रानीगंज थाना।6. पुलिस अवर निरीक्षक, नागेन्द्र कुमार, डी०आई०यू० शाखा। 7. पुलिस अवर निरीक्षक, विवेक कुमार, डी०आई०यू० शाखा।8. डी०आई०यू० टीम एवं सशस्त्र बल।112

## श्री नारायण मेडिकल कॉलेज में आईएमए के बैनर तले बंगाल सरकार के विरूद्ध किया गया प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज




**सहरसा संवाददाता।** पं बंगाल में हुए डॉक्टर हत्याकांड के विरोध में श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल कैम्पस में मंगलवार को बंगाल सरकार के विरूद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल के व बुद्धा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों तथा श्री नारायण मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्रों ने भाग लिया। बताते चलेंकि प्रोटेस्ट का आयोजन आईएमए सहरसा की ओर से किया गया। आईएमए सहरसा के प्रेसिडेंट डॉ. केके झा, आईएमए कोसी डिविजन के सेक्रेट्री डॉ. जेके सिंह, आईएमए सहरसा के सेक्रेट्री डॉक्टर आर के रवि सहित शहर के कई डॉक्टरों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंनें बताया कि पं बंगाल मे डाक्टर के विरुद्ध अमानवीय हिंसाके साथ बलात्कार कर जघन्य हत्याकांड के दोषी को अविलंब फांसी की सजा हो। साथ ही फास्ट ट्रैक कोर्ट में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल के छात्र छात्राओ एवं डाक्टरों ने इस प्रदर्शन में भाग लिया। उन लोगों ने बंगाल सरकार की तीव्र भर्त्सना करते हुए धरना-प्रदर्शन पर बैठे डाक्टरों कीमांग को अविलंब मानने की बात कही। ज्ञात हो कि जीआर मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक की बलात्कार कर जघन्य हत्या कर दी गई वही सरकार के इशारे पर सबूत को मिटाकर जांच प्रभावित करने की कोशिश की गई। वही केन्द्रीय जांच एजेसियों के अधिकारियों के साथ बुरा बर्ताव किया गया। जिसके कारण पूरे देश के डाक्टरों द्वारा रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा है।

## 5 लीटर चुलाई देसी शराब के साथ बाइक सवार एक आरोपी सहित दो गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज




**बनमा इटहरी सहरसा।** जिले के बनमा इटहरी थाना द्वारा मंगलवार को की गई कार्रवाई में 5 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी समेत दो आरोपी को गिरफ्तार किया। जिन्हें अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया। बनमा ईटहरी थाना अध्यक्ष मो बताया की गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र के महारस गांव निवासी दीप नारायण सिंह के पुत्र सुनील सिंह को जहां गिरफ्तार किया गया था। वहीं बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के ही गढ़िया गांव निवासी सत्यनारायण शाह के पुत्र सुनील कुमार को बाइक संख्या - बीआर 19 के 8082 के साथ गिरफ्तार किया गया था। उनके बाइक में छिपा कर रखे गए 5 लीटर चुलाई देसी शराब बरामद हुआ था। गिरफ्तार दोनों आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 में साईकिलिंग प्रतियोगिता आज से साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन पूर्णिया के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा : हरिओम झा

लोक तन्त्र की आवाज़



**पूर्णियॉ ।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 में आज गुरुवार क़ो साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन बेलोरी चौक पूर्णिया से मटिया चौक, रानीपतरा हाईवे तक सुनिश्चित हैं। इस प्रतिस्पर्धा में अंडर- ,14, 17 एवं ओपन टू ऑल आयु वर्ग के बालक एवं बालिका प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन- 7 आयोजन समिति हरिओम झा ने कहा की पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 में पहली बार साइकिलिंग प्रतियोगिता क़ो जोड़ा गया हैं और ये बहुत खुशी की बात हैं की इस आयोजन में काफी ज्यादा संख्या में प्रतिभागी के आवेदन प्राप्त हुए हैं, और आशा हैं की ये साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन पूर्णिया के लिए एक मिल का पत्थर साबित होगा । आयोजन क़ो ले कर हर उम्र के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह दिख रहा है। पूर्णिया में साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन बेलोरी चौक से मटिया चौक रानीपतरा के हाईवे पर सुबह 06:00 बजे से सुबह 09:30 तक होगी। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों की सूची निम्न प्रकार से हैं :- बालक अंडर-13 आयु वर्ग में अंशुमन झा, जय सिंह, जिशू दास, अंकुश रॉय, अजीत कुमार, अंकुर कुमार, सत्यम कुमार, राज, काश्यप सिंह, सन्नी कुमार, अंडर-17 बालक वर्ग में दीपक कुमार, विकाश कुमार, आर्यन तेजस, अमित कुमार, शुभम कुमार मिश्रा, यश देव, जूनियर ओराव, उज्जवल कुमार, फैसल गुफरान, आर्यन कुमार, मो तेज, सुशांत शेखर, मनीष कुमार शर्मा, गौरव कुमार झा, राधे कुमार, पुष्पा राज, प्रेम राज, मो शहजादा आलम, आयुष कुमार, जयजीत घोष, नीतीश कुमार, ओपन टू ऑल बालक वर्ग में प्रिंस कुमार दास, मो इरफ़ान सोनी, मो शाहंवाज आलम, मो अरबाई, मो तौकीर आलम, तालिब सिद्दीक़, मो युसूफ, मो अब्दुल रहमान, मो आदिल, आफताब आलम, मो तौक़ीर आलम, अमन कुमार, नवाब अली, तहसीम आजमी, सकिब आज़मी, सलीम, सरिनम अकरम, तौसिब रेजा, आरासजद, रहमतुल्ला, दिलशाद, शम्स राजा, फैज़ाम रहमानी, फौजम, अफराम, मो दिलसाद आलम, शकील खान, शहवाज, सुमित पाल, मो फैसल गुफरान, बहुया सिंह, ऋतिक राज, अमन कुमार, अंकित तृकी, प्रणव कुमार प्रवीण वही बालिकाओं की सूची मोक्षदा प्रियदर्शी, लाड़ली कुमारी, सुल्ताना प्रवीण, रजिया आफरीन, नूर जंहा प्रवीण, रानी कुमारी, शालिनी कुमारी, मधु कुमारी, खुशबु कुमारी, चंदा कुमारी, अंजलि कुमारी, नीतू कुमारी, पल्लवी कुमारी, नेहा कुमारी, मंसी कुमारी खेस, करीना कुमारी, नेहा कुजूर, राधा कुमारी, सुमन कुमारी, लक्की कुमारी, शोभा कुमारी, निम्मी कुमारी, खुशी कुमारी, नंदिनी, नीतू कुमारी, नेहा कुमारी, प्रतिया, साक्षी, इराम कलीम।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गया: सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन करने के लिए चिनिया ब्लॉक में किया गया बैठक



लोकतंत्र की आवाज़

गया। चिनिया के सभागार में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता चिनिया बीडीओ सुबोध कुमार ने किया है। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसे कुरितियो को समाप्त करना। सभी बातों को लोगो तक पहुंचाकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामुहिक विवाह को प्रोत्साहन करना है। महिला शसक्तीकरण का को बढ़वा देना है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे बालिकाओं से महिलाओं के हित में जो भी योजनाये हैं। उनके बारे में प्रखण्ड एवं पंचायत के जनप्रतिनिधी एवं पदाधिकारियों के सहयोग से जागरूक करके सभी योजना की जमिनी स्तर पर क्रियानवन कराना है। एवं दिसम्बर माह 2024 में होने वाले सामुहिक विवाह को सफल करने हेतु सभी जन प्रतिनिधयों को निर्देश दिया गया है। कि अपने अपने क्षेत्र हे। आनाथ, गरीब, असाहाय कन्याओं का सर्वे का उनका संस्था में निबंधित कर के सामूहिक विवाह में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीती को रोक लगाते हुए। सामुहिक विवाह में शामिल होने का अपील किया है। इस दौरान कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली के प्रतिनिधि आकाश दीप, अजय कुमार, अनिल कुमार मंडल, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार मेहता, आनंद कुमार, मिथिलेश कुमार आदि लोग शामिल थे।

### पकरीबरावां पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया, चालक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा। पकरीबरावां पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि छतरवार रोड में चोरी का बालू लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इस दौरान ट्रैक्टर चला रहे वारिसलीगंज थाना के मुरलाचक के सौरव कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### पकरीबरावां पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान वसूला जुर्माना

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा। बुधवार को पकरीबरावां पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस बीच बना कागजात एवं बिना हेलमेट के चलने वाले बाइकर्स से जुर्माना की राशि वसूल की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि साढ़े आठ हजार रुपए जुर्माना वसूल की गई है।

### समस्तीपुर मंडल द्वारा बिना टिकट यात्रा करने वालों को पकड़ने के लिए चालाया जा रहा मेगा टिकट जांच अभियान

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। बिना टिकट एवं एवं बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों को हतोत्साहित करने के लिए समस्तीपुर मंडल द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे यात्रियों के कारण एक ओर जहां टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी ओर रेल राजस्व की भी हानि होती है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव के आदेश से तथा सीनियर डीसीएम श्रीमति अनन्या स्मृति के दिशा निर्देशन में दिनांक 15 अक्टूबर 24 को एक पूर्व निर्धारित महा टिकट जांच अभियान चालाया गया। यह अभियान मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, जयनगर, सहरसा, बापूधाम मोतिहारी, रक्सौल, नरकटियागंज तथा सीतामढ़ी स्टेशनों पर प्रातः 06 : 00 से 22 : 00 बजे तक चालाया गया। उपरोक्त सभी स्टेशनों पर सभी ट्रेनों को चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करते पकड़े गये यात्रियों से नियमानुसार दंड की राशि वसूल की गई। इस वृहद टिकट चेकिंग अभियान में प्लेटफार्म सहित स्टेशन से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेनों में औचक जांच कराई गई। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सभी यात्री रेलगाड़ियों के एसी कोच, विकलांग, महिला कोच, पैंट्री कार तथा अवैध वेंडरो की भी जांच की गई। सुबह 6 : 00 बजे से रात्रि 22 : 00 बजे तक चलाये गए इस इस टिकट जांच अभियान में कुल 2491 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्माने के रूप में 15,82,395 रुपये की वसूली की गई। इस दौरान सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर पकड़े गये बिना टिकट यात्रियों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित भी किया गया ताकि बिना टिकट यात्रा करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाया जा सके जिससे रेलवे की आय में इजाफा हो और टिकट लेकर यात्रा कर रहे रेल यात्रियों को असुविधा न हो। इस तरह के जांच अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेंगे, जिससे की यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हो।

# मोहनपुर में हत्या के नियत से हुए गोलीबारी कांड का सफल उद्भेदन, एक बदमाश को पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



समस्तीपुर। बुधवार को सदर डीएसपी के सभा कक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता के दौरान एएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया की जमीनी विवाद को लेकर तथा एक साजिश के तहत दिनांक 22 सितंबर 2024 की संध्या 06:45 बजे अभियुक्त मुरारी कुमार एवं 02 अज्ञात अभियुक्तों द्वारा वादी गौरव मोहन पिता इन्द्र मोहन प्रसाद, साकिन मोहनपुर, थाना मुफ्फसिल, जिला-समसतीपुर को अपने दुकान पर खड़ा रहने के दौरान पिस्तौल से गोली फायर किया गया।

घटनास्थल से अभियुक्त मुरारी कुमार पिता संजीव कुमार, साकिन रूपसवाद, थाना बछवाड़ा, जिला बेगूसराय निवासी को जख्मी अवस्था में एक अपाचे मोटरसाइकिल, 01 मोबाईल, एक अवैध पिस्तौल एवं 02 जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त घटना के संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड संङ्ग 388/24 दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया गया था। पूर्व से गठित विशेष टीम द्वारा दिनांक 16.10.2024 के रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान मुफ्फसिल थाना के तहत गरुआरा चौक से शुभम कुमार उर्फ कारबाबू पिता स्व रामश्रृंगार चौधरी, साकिन शेरपुर घेपुरा, थाना विद्यापतिनगर, जिला समस्तीपुर निवासी को 1 एक देशी पिस्टल 2 दो जिंदा गोली, दो एन्ड्रायड मोबाईल, एक अपाचे मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया की एक अपराधकर्मी भागने में सफल रहा। जिस संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड संङ्ग 426/24 दर्ज किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्त स्वीकारोक्ति बयान एवं पूछताछ से यह बात प्रकाश में आयी कि यह घटना जमीन विवाद, आपसी बटवारा एवं जमीन पर अपना-अपना दावा को लेकर अपराधियों का सहारा लेकर कारित किया गया है। दिनांक 22.09.24 को गौरव मोहन की हत्या करने की योजना थी। अपराधियों द्वारा सुनियोजित ढंग से पेशेवर अपराध शैली एवं पेशेवर तकनिकी शैली का प्रयोग किया गया था। इसमें साजिशकर्ता द्वारा घटना में पेशेवर अपराधियों का सहारा लिया गया। ये पेशेवर गिरोह चलाते है।

घटनास्थल पर इनके द्वारा ही हत्या के लिए तीन अपराधकर्मियों को लाया गया था। घटनास्थल पर पहुँचने वाले सभी इनके गिरोह के सक्रिय सदस्य है। इनके द्वारा अगली कड़ी में हत्या करवाने वाले एवं इनके बीच का लाईनर के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य बताया गया है, जिसकी पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई है, जेल में ही इनकी मुलाकात लाईनर से हुई थी। विशेष टीम घटना में शामिल अन्य अपराधियों के संबध में साक्ष्य संग्रह एवं अनुसंधान कर रही है तथा गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। एएसपी ने बताया कि छापामारी टीम में पुनि पिंकी प्रसाद थानाध्यक्ष मुफ्फसिल थाना, पुअनि राकेश शर्मा अपर थानाध्यक्ष मुफ्फसिल थाना, परि०पुअनि राहुल कुमार रजक, मुफ्फसिल थाना, परि०पुअनि नितुन कुमार, मुफ्फसिल थाना, सअनि दिलिप कुमार चौधरी, मुफ्फसिल थाना एवं अन्य सशस्त्र बल को शामिल किया गया था।

## जन आशीर्वाद संवाद -यात्रा को सफल बनाने लेकर बैठक का हुआ आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

- गरीबों के मसीहा निशिकांत सिन्हा का राजनीति में कूदने की हो रही तैयारी

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। आगामी 19 अक्टूबर को नवादा-गया पथ पर स्थित आदर्श वाटर पार्क के मैदान में समाजसेवी निशिकांत सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित होने ने वाली जन आशीर्वाद संवाद यात्रा को सफल बनाने को लेकर जिले के रोह प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्रैण्ड पंचम मैरेज हॉल में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कुशवाहा सेवा समिति के सदस्यों सहित क्षेत्र के विभिन्न गावों कसबे से सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान वे बुद्ध के चित्र पर पुष्प समर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आगामी 19 अक्टूबर को समाज सेवी सह प्रसिद्ध उद्योगपति निशिकांत सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित रैली की सफलता के लिये कुशवाहा बहुल गावं से हजारों हजार की संख्या में पहुंचने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा की समाजिक कार्यों में हमेशा सहयोग करने वाले समाजसेवी हमारे समाज के धरोहर हैं इनके नेतृत्व में समाज का शैक्षिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित है। इनकी सोच और इनका कार्य हमेशा गरीबों की मदद करना होता है।वे हमेशा वैश्चितो एवं शोषितों के विकास के लिये सोचते रहते है। वर्तमान समय में समाज एवं बिहार का विकास इनके ही कार्यशैली से सम्भव हो सकता है। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं समिति के दायित्वधारियों ने आयोजित होने वाली रैली में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करने एवं जनसंपर्क अभियान चलाने पर बल दिया। बैठक में निशिकांत सिन्हा के युवा बिग्रेड की टीम के सैकड़ों युवाओं ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन अविनाश निराला ने किया।

मौके पर पंचम मेहता, समिति के अध्यक्ष महेश्वरी प्रसाद, कौआकोल से मनोज कुशवाहा, पकरीवरावां से बाल्मीकि कुशवाहा, राजेश कुमार, अजय कुशवाहा, यमुना प्रसाद, वारिसलीगंज से सोनू कुशवाहा, गुड्डू पत्रकार, कमलेश कुशवाहा,दीपक कुमार, मुकेश, बसंत प्रसाद, मिथिलेश कुमार, ओम प्रकाश,संगम वर्मा,सौरभ कुशवाहा, उपेंद्र कुमार,शैलेन्द्र महतो आदि मौजूद थे।

### अपनी संस्कृति से हमें जोड़े रखता है पारंपरिक उत्सव: प्रशांत पंकज

लोकतंत्र की आबाज

दलसिंहसराय/समस्तीपुर। शहर के डैनी पगड़ा स्थित एक होटल के प्रांगण में आयोजित डांडिया नाईट सीजन 3 के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रांतीय नेता प्रशांत पंकज ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्व त्योहारों में आयोजित उत्सव समाज को एकजुट करता है। साथ ही अपनी संस्कृति व पारंपरा से हमें जोड़े रखता है। कार्यक्रम का आयोजन पंकज गुप्ता एवं अंकित कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल होकर देर शाम तक डांडिया की धुनों पर थिरकते रहे। कार्यक्रम के दौरान बिहार के लोकनृत्य झिझिया व सामा सकेवा पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मौके पर अर्चना पंकज, निधि ज्वेल, रमाकांत प्रसाद, पंकज साहा सहित शहरवासी मौजूद थे।

# नवादा में अल्ट्रासाउंड के चिकित्सों के साथ हुई बैठक, अवैध अल्ट्रासाउंड चलाने वालों पर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

लोक तन्त्र की आवाज़

सुनील कुमार





नवादा। जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अन्तर्गत संचालित अल्ट्रासाउंड के चिकित्सकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध एवं एक बड़ी सामाजिक आपदा है।

इसपर प्रभावी नियंत्रण के मद्देनजर कड़ी कानूनी कार्रवाई के साथ लोगों को जागरूक करने को प्रभावी कार्य करें। जिलाधिकारी ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम की धाराओं का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों में अभिलेखों के रख-रखाव धारा-29 और नियम-09 के अनुसार जैसे फॉर्म-एफ नवीनीकरण संबंधित न्यूनतम अहर्ताएं, नियम-13 के अनुसार केन्द्र में किये गए किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को देने का निर्देश दिया गया। रेडियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ को केन्द्र में परिवर्तन की सूचना प्रेषित कर भौतिक सत्यापन के बाद अनुमति लेना अनिवार्य होगा। नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अवैध पाये गए अल्ट्रासाउंड, डाइग्नोसिस सेंटर के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए न केवल उसे सील करें बल्कि उनके विरूद्ध प्राथमिकी भी दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो निबंधित अल्ट्रासाउंड सेंटर है, उनकी जॉच निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिन केन्द्रों में पीसीपीएनडीटी अधिनियम का पालन करने में लापरवाही की जा रही है, उन केन्द्रों पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए सिविल सर्जन नवादा को निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने अनियमितताएं बरतने वाले सेंटर संचालकों के खिलाफ नियमानुसार सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिए। कार्यों की गतिविधि में पारदर्शिता रखने को कहा गया। बैठक में सिविल सर्जन नीता अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारीआदित्य कुमार पियुष के साथ-साथ सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान के रेडियोलॉजिस्ट एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

## किराये के मकान में रह रही महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या,जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज



वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर गांव की महिला ने किराये के मकान में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की तहकीकात करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। महिला की मौत के बाद उसका शव लेने के लिए न तो ससुराल के परिजन आगे आया और न ही मायके के परिजन।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के झौर ग्रामीण संटू कुमार अपने 28 वर्षीया पत्नी शिवानी कुमारी के साथ वारिसलीगंज उत्तर बाजार कोयरी टोला स्थित आरओबी के पास मुकेश कुमार के मकान के तीन मंजिला पर किराया पर रह रहा था,लेकिन चार-पांच दिनों से वह अकेली घर में रह रही थी।घर में पति को नहीं रहने के बाद उसने खिड़की के पाईप में गले में कपड़े का फंदा लगाकर झूल गयी,जिससे उसकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि घर से बदबू आने के बाद मकान मालिक ने घर की तलाशी लेने लगा,जैसे ही तीसरी मंजिल पर चढ़ा जब वहां का नजारा देखकर अर्चंभित हो गया, जिसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर मृतका के ससुराल तथा मायके के परिजनों को जानकारी दी, लेकिन किसी ने शव लेने को तैयार नहीं हुआ।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृत महिला अर्न्तजातीय प्रेम विवाह की थी और वह पति के साथ किराये के मकान में रह रही थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची,जहां मामले की तहकीकात करते हुए घटना की जानकारी मृतका के ससुराल तथा मायके के परिजनों को देते हुए घटनास्थल पर पहुंचने का आग्रह किया,लेकिन कोई परिवार नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि परिजन को नहीं पहुंचने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव लेने की प्रतीक्षा में सदर अस्पताल के शीतगृह में रखा गया है।अब पुलिस जांच में ही पता चलेगा कि मामला क्या है और कैसे क्या हुआ।

## गायघाट सीओ की मनमानी: फ़ोन न उठाने से बाढ़ पीड़ितों और जनप्रतिनिधियों की बढ़ी परेशानी

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार



गायघाट। प्लीज सीओ मैडम। गायघाट के लोगों की सुन लीजिए। जनप्रतिनिधि भी परेशान हैं। पत्रकार भी अपका पक्ष बाढ़ से लेकर जनविकास के मुद्दों पर नहीं जान पाते। सबका यही कहना है, सीओ मैम फोन नहीं रिसीव करती। प्लीज। फोन रिसीव कर लिया कीजिए।

लोग कह रहे, सीओ मैडम मनमानी कर रही हैं। वह फ़ोन उठाती ही नहीं है किसी का। जनप्रतिनिधियों से लेकर बाढ़ पीड़ति परेशान हैं। देशज टाइम्स जानता है। व्यस्तता है। मगर, इसी व्यस्त समय में फोन अगर आप रिसीव कर लेंगी तो लोगों को सुकून आ जाएगा।

**शिकायत यही है, सीओ मैडम फोन नहीं उठाती:** फिर गायघाट के लोग यह नहीं कहेंगे। सीओ की मनमानी अब पूरी तरह से बढ़ गयी है।अब तो वह फ़ोन तक नहीं उठाती हैं। शायद, इस मामले में स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत मीडिया के लोगों से की है। बात हम तक पहुंची। हमनें भी प्रयास किया। बात सच निकलीं। पूरे मामले में जब देशज टाइम्स ने आम लोगों से लेकर आप यानि सीओ शिवांगी पाठक तक से बात करने की कोशिश की। लोगों ने जब शिकायत की कि सीओ मैडम फोन नहीं उठाती। हमनें भी आपको फोन लगाया। जानकारी लेनी चाही। मगर, आपने फोन रिसिव करना उचित नहीं समझा। इधर, बाढ़ पीड़ितों की समस्या बरकरार है। बाढ़ से प्रभावित लोग बाढ़ राहत राशि को लेकर परेशान हो उठे हैं। कहते हैं, सीओ की मनमानी रूक नहीं रही है। बीडीओ डॉ. संजय कुमार एक बार में फ़ोन रिसीव करते हैं। यह हम नहीं गायघाट की जनता बताती है। ऐसा मत कीजिए मैडम। हम फिर यही कहेंगे, आपकी व्यवस्ता खासकर बाढ़ के बाद अधिक हो गई है। मगर, इसी व्यस्तता के बीच फोन उठा लिया कीजिए। यही सभी चाहते हैं।

## गया में सफल रामलीला मंचन में पब्लिक और प्रशासन की रही महत्वपूर्ण भूमिका: गौरव

लोकतंत्र की आवाज़




गया। श्री आदर्श लीला समिति के द्वारा 7 से 12 अक्टूबर तक सफल रामलीला मंचन किया गया है। रामलीला के सफल मंचन में पब्लिक और प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इसको लेकर श्री आदर्श लीला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने जिला प्रशासन की भूमिका की सराहना की तथा समिति की तरफ से जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन और नगर पुलिस अधीक्षक प्रेरणा को उनके दफ्तर में जाकर सम्मानित किया है।

सिन्हा ने कहा आदर्श लीला समिति के द्वारा पिछले 57 वर्षों से गया कि आजाद पार्क में रामलीला का आयोजन किया जाता है। इस समारोह की सफलता के लिए श्री गौरव ने सबका धन्यवाद देते हुए कहाकि इस आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सबकी भूमिका रही, वो सभी लोग बधाई के पात्र हैं। वही समिति के कार्यकारणी अध्यक्ष संदीप सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष विशेष कर आजाद पार्क में सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन के द्वारा कराई गई थी जिसके लिए समिति परिवार जिला प्रशासन का आभारी है जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने भी समिति के प्रति सफल सात दिवसीय रामलीला मंचन के लिए बधाई दी और समिति के प्रति आभार जताया है।

## बर्नवाल जाति को बिहार एवं केंद्र में ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए 20 अक्टूबर को धरना

लोकतंत्र की आवाज़



गया। पटना के गर्दनीबाग में आगामी 20 अक्टूबर 2024 को महाधरना प्रदर्शन के परिपेक्ष्य में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बिहार के गया जिले के स्वराजपुरी रोड स्थित बरनवाल सेवा सदन गया नगर बरनवाल सेवा समिति के द्वारा जिसके महामंत्री विक्की बरनवाल एवं बिहार प्रदेश के बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ है।

इस बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों के सहमति से बरनवाल जाति को बिहार तथा केंद्र में ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए एक दिवसीय महाधरना को सफल बनाने हेतु एक बैठक आहूत की गई। 20 अक्टूबर 2024 को महाधरना प्रदर्शन एवं आगामी 29 दिसंबर 2024 को पटना के मिलर हाई स्कूल में 50 हज़ार से 60 हज़ार लोगों के साथ राजनीतिक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल पूरे बिहार झारखंड का भ्रमण कर समाज के हजारों साथियों को पटना में प्रायोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुरजोर मेहनत कर रहे हैं,इस बैठक में श्री राजू बरनवाल ने कहा कि हमारी संख्या बिहार में 12 लाख से अधिक है बरनवाल वैश्य जाति को 21 जातियों से हटाकर और बनिया जाति कोड - 122 से अलग बरनवाल जाति को स्वतंत्र जाति कोड दूसरे जातियों की तरह निर्धारित किया जाय। जाति जनसंख्या के आधार पर राजनीति में भागीदारी दी जाए।

बिहार प्रदेश में बरनवाल वैश्य जाति को एइउ-1 में शामिल की जाए, केंद्र में सभी वैश्य समाज की लगभग सभी उपजातियां ओबीसी की सूची में शामिल है लेकिन बरनवाल समाज केंद्र में ओबीसी की सूची में शामिल नहीं है, इसे ओबीसी की सूची में शामिल कराने के लिए एक दिवसीय पटना के गर्दनीबाग में महाधरना प्रदर्शन में लाखों की संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करें।हर पार्टीयां अपने वोट बैंक के लिए हम लोगों का इस्तेमाल करती है परंतु बरनवाल जाति को केंद्र में में ओबीसी का दर्जा नहीं दिया जाता है।

विक्की बरनवाल ने कहा कि गया जिला से बरनवाल समाज के हजारों सम्मानित लोगों के साथ महाधरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पटना के गर्दनीबाग में मौजूद रहेंगे। इसके साथी विक्की बरनवाल जी ने बताया कि राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल जी पूरे बिहार झारखंड का भ्रमण कर समाज के हजारों साथियों को पटना में प्रायोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुरजोर मेहनत कर रहे हैं राजू बरनवाल ने कहा कि बिहार में वैश्य जाति के अन्य उप जातियों को लगभग ओबीसी की सूची में डाला गया है मगर बरनवाल समाज को ओबीसी की सूची में नहीं डाला गया,यह हम लोगों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है इसी को देखते हुए बरनवाल जाति को बिहार तथा केंद्र में ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए आगामी 20 अक्टूबर 2024 को एक दिवसीय पटना के गर्दनीबाग में महाधरना का आयोजन किया जा रहा है। बरनवाल ने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि उक्त कार्यक्रम की सफलता से बिहार सरकार और केंद्र सरकार का ध्यान बरनवाल समाज के प्रति सहानुभूति के साथ हम लोगों को ओबीसी का दर्जा हासिल हो पाएगा। इस बैठक में जितेंद्र कुमार, कंचन कुमार, कुंदन प्रकाश, सुबोध कुमार, प्रेम प्रकाश पवन, प्रशांत कुमार, महेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार, उमाशंकर प्रसाद सहित सैकडों सम्मानित बरनवाल समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पूर्व माओवादी अनिल सिंह भोक्ता का तालाब में डूबने से निधन

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

**चतरा(झारखंड)।** जिले के वशिष्ठ नगर थाना अंतर्गत सलैया पंचायत के ग्राम गोडरा निवासी अनिल सिंह भोक्ता 49 का निधन तालाब में डूब जाने से हो गई। घटना सोमवार की है। 24 घंटा के बाद मंगलवार की शाम मृतक के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। अंतिम संस्कार बुधवार को उसके पैतृक गांव गोडरा में किया गया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने रिश्तेदार के यहां सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जलेध गया था। सोमवार को वह स्नान करने के लिए तालाब में गया था। स्नान करने के दौरान ही वह तालाब के गहरे पानी में डूब गया काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी खोजबीन शुरू की गई लेकिन कहीं कोई आता पता नहीं चला। 24 घंटे बीत जाने के बाद उसका शव तालाब में पानी के ऊपर तैरता हुआ दिखा। तत्काल इसकी सूचना सदर थाना को दी गई सूचना पर सदर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और उत्सव को निकाल कर पोस्टमार्टम कराया इसके बाद परिजनों को सौंप दिया जहां से मृतक के पैतृक गांव में बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मृतक अनिल वर्ष 1994 में माओवादी दस्ते में शामिल हो गया था। तब वह अनिल के अलावा राकेश उर्फ किताब जी उर्फ तूफानी जी उर्फ रोशन जी के नाम से भी जाना जाता था। इस दौरान माओवादियों द्वारा कारीत किए गए दर्जनों घटनाओं में शामिल था। वर्ष 2001 में तत्कालीन डीएसपी शहिद विनय भारती ने अनिल को गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी। गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेज दिया गया था। 4 वर्षों तक जेल की सजा काटने के बाद वर्ष 2005 में अनिल जेल से बाहर आया था। जेल से बाहर आने के बाद संविधान की मुख्य धारा में शामिल होकर सामान्य जीवन यापन कर रहा था इस दौरान अनिल गांव के बच्चों को पढ़ाई लिखाई में बेहतर मुकाम हासिल करने को लेकर प्रेरित करता रहता था। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोड़रा में बतौर अभिभावक के रूप में वह जाना जाता था। अनिल की मौत पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोड़रा के सभी छात्र–छात्राएं एवं शिक्षक गण उसके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। इस दौरान मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### कठौतिया कोल माइंस चालू कराने की मांग को लेकर हिंडाल्को के अधिकारियों से मिले राकेश सिंह

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

**मेदिनीनगर(पलामू)।** जनता मजदूर संघ कठौतिया कोल माइंस हिंडाल्को इंडस्ट्रीज इकाई के संयोजक सह लोजपा (रामविलास) के पलामू जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल युवा मजदूर नेता महाराणा प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कठौतिया कोल माइंस के एचआर प्रबंधक अरूप बनर्जी से मिला। साथ ही उन्हें मांग पत्र सौंपकर माईंस को चालू कराने की मांग की। मांग पत्र में कहा गया है कि कठौतिया कोल माइंस विगत नवंबर 2023 से बंद पड़ा है, जिससे प्रभावित क्षेत्र के सैकड़ो मजदूरों की स्थिति खराब हो गयी है।

माइंस बंद होने के कारण कार्यरत कर्मचारी, ठेका श्रमिक, ट्रांसपोर्टिंग कार्य में कार्यरत कर्मी आदि बेरोजगार हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने अपने पूर्वजों की जमीन प्रोजेक्ट के लिए समर्पित कर प्रोजेक्ट एवं प्रभावित क्षेत्र के उज्जवल भविष्य का सपना संयोजा था कि क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। यहां के लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। रोजगार के तलाश में पलायन नहीं करना पड़ेगा, परंतु नवंबर 2023 से सभी प्रभावित दो जून की रोटी, के लिए परेशान हैं। वे दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

क्षेत्र का विकास रूक गया है। माइंस के बंद होने के कारण सरकार को राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है। माइंस विरोधी ताकतों को कभी भी समर्थन स्थानीय प्रभावित कार्यरत श्रमिकों ने नहीं दिया। इस दौरान अनुरोध किया गया कि बंद पड़े माईंस को जल्द से जल्द चालू कराया जाय। प्रतिनिधिमंडल में रामप्रवेश पासवान, विवेक कुमार सिंह, मुन्नालाल पासवान, संतोष कुमार सिंह, चंदन पांडेय समेत श्रमिक शामिल थे।

# प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा को जीत दिलाने के लिए एकजुट हो चुके है झारखंडवासी : सत्येन्द्रनाथ तिवारी

लोकतंत्र की आवाज़

**झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर दो सौ से अधिक लोग भाजपा में हुए शामिल**



निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

**गढ़वा(झारखंड)।** पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के आवास पर गढ़वा–रंका विधानसभा क्षेत्र के करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के दो सौ से अधिक लोगों ने झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व विधायक ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा सहित झारखंड के सभी जगहों पर भाजपा और पीएम मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। यही कारण है कि प्रत्येक दिन भारी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने गरीबों के हित में कई महत्वकांक्षी योजनाओं की शुरूआत की है। लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार ने केन्द्र की योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचने दी। केन्द्र प्रायोजित सभी योजनाओं में भी भारी घोटाला किया गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री के पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में सिर्फ लूट हुआ है। गरीबों के जमीन को खुलेआम लूटा गया है। आदिवासी की हिमायती बालेने वाली हेमंत सरकार में आदिवासी ही असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी निष्पक्ष होकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला और पुलिस प्रशासन आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भी मंत्री के ईशारे पर कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दो दिनों के अंदर अगर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी निष्पक्षता से काम करना शुरू नहीं किए तो, वे बाध्य होकर चुनाव आयोग के समक्ष अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई करने व चुनावी कार्य से दूर रखने की गुहार लगायेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाने के लिए एकजुट हो चुकी है। पार्टी में मेराल प्रखंड के पढुआ, सोहबरिया, कजराठ, सदर प्रखंड के लगमा, कोरवाडीह सहित अन्य गांव के दो सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से अरविंद कुमार, प्रमोद कुमार, कुलदीप भुईया, बाबूलाल भुईया, रोहित कुमार, रामचंद्र राम, अमरावती देवी, सुनीता देवी, मीरा देवी, कालो देवी, संजू देवी, दुर्गेश चंद्रवंशी, विनोद राम, कमलेश यादव, अखिलेश तिवारी, सुरेश प्रसाद यादव, नरेश मेहता, उपाध्याय यादव, राजेश्वर यादव, सुमेर मेहता, अनिल चौधरी, महेन्द्र चौधरी, शिवनाथ चौधरी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव को लेकर एसडीओ ने की विभिन्न राजनीतिक दल के साथ बैठक



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

**पलामू(झारखंड)।** हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी डॉ कृष्ण कांत कनवाडिया ने बुधवार को 12 बजे दिन में सभी राजनीतिक दल के अलावा हुसैनाबाद प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बैठक की।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कांत कनवाडिया ने कहा कि चुनाव की तारीख की घोषणा हो गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी मतदान केंद्र पर मतदाता मतदान करने केलिए कतार में खड़े हैं तो वह अपना मतदान कर के ही लौटेंगे। मतदान पूर्ण होने के बाद ही मतदान कर्मी घोषणा कर मतदान बंद करेंगे। उन्होंने बैठक के दौरान यह भी कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। जिससे केंद्र पर उपस्थित सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता पर पैनी नजर रखी जाएगी। अगर कैमरा में गड़बड़ी करते देखा गया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई होना तय है। मतदान केंद्र के दो सौ मीटर के इर्द–गिर्द किसी भी पार्टी का झंडा या बैनर दिखाई दिया तो उनके विरुद्ध भी कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने में सभी की सहभागिता होना अति आवश्यक है। बैठक में एसडीओ ने उपस्थित सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि चुनाव की तिथि घोषित होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। इसका पालन करना सभी को जरुरी है। बैठक में मुख्य रूप से एल आर डी सी गौरांग महतो, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार के अलावा कांग्रेस नेता नवल किशोर पाठक, राजद खुर्शीद अहमद, सुंदरेश्वर राम, बसपा के अजय भारती, भाजपा के राम राज मेहता, शिव पुजन गुप्ता, राजेश सिंह, मनोज शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चुनावी तिथि की घोषणा के साथ ही झारखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज



लोकतंत्र की आवाज
अनिल कुमार (संवाददाता)

**बिरनी।** प्राप्त सूचना अनुसार झारखंड में चुनावी तिथि घोषणा के साथ ही बगोदर विधानसभा क्षेत्र में दिनों दिन तेजी से बढ़ते जा रहे कई विधायक प्रतिनिधि अपने अपने भाग्य को आजमाने के लिए विधानसभा चुनाव 2024 में चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो सकते हैं। जैसा कि सूत्रों के हवाले से पता चला है कि भारतीय जनता पार्टी नागेंद्र महतो जी को बगोदर विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतर सकती है जबकि इंडिया गठबंधन की ओर से माले के विनोद सिंह जी को चुनावी मैदान में उतरा जा सकता है ।वैसे और भी कई जन प्रतिनिधियों ने स्वयं के लिए टिकट पाने का मंसूबा पाल रखा है तथा यह भी तय माना जा रहा है की टिकट न मिलने पर यह सभी लोग निर्दलीय ही सही चुनावी मैदान में अपना शक्ति प्रदर्शन अवश्य ही कर सकते हैं।

# मांडू विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है प्रखंड परिसर के साथ–साथ कई जगहों पर लगे होल्डिंग पोस्टर हटाए जाने शुरू हो गए हैं ।

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के द्वारा राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की गई बैठक में निर्वाचन कार्य से संबंधित बुथों की चर्चा की गई एवं आचार संहिता का शक्ति से पालन करने एवं मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था करने मतदाताओं के बीच मतदान हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने कि बात कि गयी । करगालो पंचायत पुराने तीन बूथों में सुधार कर नए भवन पुर्वी भाग पंचायत भवन में परिवर्तित किया गया है , बूथ संख्या 481 को नए भवन करगालो पूर्वी भाग में किया गया 482 सामुदायिक पंचायत भवन 483 आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। चुनाव संबंधित चुनाव अवधि में कार्य स्वस्थ समय निष्पादित करने का निर्देश दिया गया इसके साथ सभी पार्टियों के बैनर पोस्टर को प्रशासन द्वारा हटाए जाने की बात की गई ।



- आचारसंहिता लागू होते ही होल्डिंग पोस्टर हटाए जाने शुरूहो गए हैं

इस बैठक में अंचलाधिकारी नित्यानंद दास प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार थाना प्रभारी सागर मुर्मू कांग्रेस के अब्बास अंसारी राम जन्म राय आशु के अजय कुमार मंडल सुरेश कुमार महतो राहुल कुमार गुप्ता भाजपा के किशोर कुमार मंडल सुशील कुमार महतो गुरुप्रसाद साव निर्मल कुमार महतो समेत सभी पार्टियों के नेता सामिल थे ।

# अनुसूचित जाति समाज ने किया रश्मि प्रकाश का सामाजिक और राजनीतिक बहिष्कार

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

**चतरा(झारखंड)।** मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पुत्र वधु रश्मि प्रकाश का अंतरजातीय विवाह इन दिनों सुर्खियों में है। दरअसल अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा की बैठक में अनुसूचित जाति की ओर से सर्वसम्मति से रश्मि प्रकाश का सामाजिक और राजनीतिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। अनुसूचित जाति समाज के द्वारा किया गया बहिष्कार का कारण रश्मि प्रकाश का अंतरजातीय विवाह है, जो समाज के द्वारा इसे समाजिक परंपरा के साथ एक खिलवाड़ माना जा रहा है जो समाज के विरूद्ध चुनौती बताया जा रहा है। अनुसूचित जाति समाज की और से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि इससे पुरे दलित समाज के युवक–युवतियों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए समाज अपने सामाजिक व्यवस्था के अनुकूल निर्णय लेत हुए रश्मि प्रकाश, पुत्र वधु सत्यनन्द भोक्ता का सामाजिक वहिष्कार करने का निर्णय लेती है। जिसके तहत उनके घर परिवार से शादी–विवाह, लौकिक तथा पार लौकिक सहित सामाजिक और राजनैतिक कार्यों से समाज को दूर रहना है। साथ में अब से कोई दलित परिवार का सम्बन्ध इस परिवार से नहीं रखा जाएगा। साथ ही समाज को सूचित करते हुए कहा गया है कि दलित परिवार के किसी भी कार्यक्रम में हमारे समाज के लोगों को आने और

- कहा– अंतरजातीय विवाह समाज मे डालेगा गलत प्रभाव


अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा
All India Scheduled Caste Mahasabha

आवश्यक निर्देश

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिरिडीह में दूसरे दिन विज्ञान प्रदर्शनी का बोलबाला

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो–चीफ)

**गिरिडीह झारखंड।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में बुधवार को प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला के दूसरे दिन गणित विज्ञान के प्रदर्श लगाए गए।प्रदर्श का उद्घाटन अजय कुमार तिवारी,प्रदेश सचिव विद्या विकास समिति झारखंड,प्रांतीय विज्ञान प्रमुख संजीव कुमार, प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं आईएसएम,धनबाद के सीनियर छात्र ने संयुक्त रुप से जगदीश चन्द्र बसु के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं नारियल फोड़कर किया।



मौके पर प्रदेश सचिव ने आईएसएम के छात्रों को प्रदर्श का मूल्यांकन करने हेतु दिशा निर्देश दिया।यह प्रदर्शन शिशु, बाल, किशोर और तरुण चार वर्गों में लगा था।झारखंड प्रदेश के आठ विभागों से 631 वाल वैज्ञानिकों ने एक से बढ़कर एक मॉडल का प्रदर्शन किया।प्रांतीय मेला में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बाल वैज्ञानिक क्षेत्रीय गणित विज्ञान मेला में भाग लेंगे।कहा कि विद्या भारती का यह विज्ञान मेला न केवल छात्रों के शैक्षिक और बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि या वैज्ञानिक सोच और नवाचार को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम भी है। मेला को सफल बनाने में विद्या विकास समिति,झारखंड के सभी पूर्णकालिक एवं विद्यालय के समस्त आचार्य–दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

# चतरा में आज भी एंबुलेंस सेवाएं ठप रही, रोगियों को हुई परेशानी

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

- बकाया वेतन को लेकर कर्मचारी हैं हड़ताप पर

**चतरा(झारखंड)।** चतरा की 108 एम्बुलेंस सेवाएं ठप हो गई हैं क्योंकि राज्य भर के कर्मचारियों ने बकाया वेतन को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ड्राइवरों और कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे वे हताश हैं और हड़ताल कर रहे हैं।चतरा में आज भी एंबुलेंस सेवाएं ठप रहीं. एंबुलेंस ठप रहने से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

सैकड़ों कर्मचारियों ने मोरहाबादी स्थित स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास का घेराव भी किया था . कर्मचारियों का कहना है कि पहले पुरानी कंपनी मेसर्स ज़िकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड की जगह सिकंदराबाद स्थित कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज काम कर रही थी.

टेंडर समाप्त होने के बाद मेसर्स ज़िकित्जा ने दो माह से वेतन का भुगतान नहीं किया है. वहीं, ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज का टेंडर भी समाप्त होने के बाद नई एजेंसी मेसर्स सम्मान फाउंडेशन को काम सौंप दिया गया है. कर्मचारियों को डर है कि एजेंसी बदलने के बाद सितंबर महीने का वेतन भी लटक सकता है. साथ ही उनका कहना है कि उन्हें पीएफ की सुविधा भी नहीं मिलती है. काम का कोई निश्चित समय नहीं है, 12 घंटे की ड्यूटी के बावजूद उन्हें अधिक समय तक काम करना पड़ता है। वहीं कर्मचारी स्थायी रोजगार की भी मांग कर रहे हैं. उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे.

इस एजेंसी से राज्य में करीब 1500 कर्मचारी जुड़े हुए हैं. शनिवार को सुबह से ही एजेंसी से जुड़े कर्मचारी काम को प्रभावित करने लगे. लेकिन इसका असर रविवार से दिखना शुरू हो गया. वहीं ईएमआरआई ग्रीन पर भी 40 करोड़ रुपये बकाया है. जिसके भुगतान के लिए स्वास्थ्य विभाग से लगातार पत्राचार चल रहा है।

# वर्तमान मानदेय पर हो चार प्रतिशत की वृद्धि, नहीं तो टेट पास संघर्ष मोर्चा सड़क से सदन तक करेगा आंदोलन : दशरथ ठाकुर

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

**गढ़वा(झारखंड)।** झारखंड सरकार तथा शिक्षा सचिव एवं परियोजना निदेशक के गलत मनोवृत्ति के कारण सहायक अध्यापक आन्दोलन करने को मजबुर हैं। झारखंड के समस्त 62000 सहायक अध्यापकों का कोई मूल मानदेय निर्धारित नहीं है। सरकार समय –समय पर मानदेय बढ़ोतरी करती आई है। वर्तमान मानदेय ही हमारी मूल मानदेय है। अगर विभाग इस पर किसी तरह का छेड़ छाड़ करती है तो सरकार तथा शिक्षा सचिव एवं परियोजना निदेशक का विरोध सड़क से सदन तक किया जाएगा। उपरोक्त बातें टेट पास सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक दशरथ ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कही।



श्री ठाकुर ने कहा कि सहायक अध्यापक के नियमावली में साफ तौर पर लिखा हुआ है कि सहायक अध्यापकों का प्रतिवर्ष चार प्रतिषत की दर से मानदेय में बढ़ोतरी की जाएगी। साथ ही साथ राज्य परियोजना कार्यालय रांची द्वारा राज्य के सभी सहायक अध्यापकों को जनवरी 2023 से मिल रहे मानदेय का चार प्रतिषत बढ़ाकर भुगतान किया गया है। इसके बाद भी जनवरी 2024 से सभी सहायक अध्यापकों का मिल रहे मानदेय का चार प्रतिषत बढ़ाकर जुलाई 2024 तक दिया गया है। शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के षड्यंत्र से सहायक अध्यापकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। अगस्त 2024 के मानदेय से राज्य के सभी सहायक अध्यापकों का चार प्रतिशत का वृद्धि रोक दिया गया है जो सरासर गलत है। जबकि सरकारी कर्मचारियों को वर्तमान में मिल रहे मूल वेतन के अनुरूप में वृद्धि की जाती है। श्री ठाकुर ने कहा कि शिक्षा विभाग इस पर विचार कर वर्तमान मानदेय पर चार प्रतिशत की वृद्धि करके भुगतान करे अन्यथा इसका विरोध झेलना मुश्किल हो जाएगा। इसकी सारी जवाबदेही शिक्षा विभाग की होगी। सरकार के इस निर्णय का जिला महासचिव गोविंद सिंह, बिपुल दुबे, प्रदीप सिंह, ब्रिज किशोर तिवारी, सतेंद्र सिंह, नरेंद्र ठाकुर, ताराचंद यादव, राजेश विश्वकर्मा, मनोज ठाकुर, मनोज विश्वकर्मा, इमामुदीन अंसारी, प्रदीप रजक, सुधीर चौधरी, उपेंद्र पाल, रजनीकांत पांडेय, अनिल यादव, संतोष कुमार ठाकुर, अशोक मेहता सहित सभी अध्यापकों ने विरोध किया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीसीएलआर ने किया पीरपैंती प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। राजस्व सुधार को लेकर भूमि सुधार उप समाहर्ता ने बुधवार को पीरपैंती प्रखंड सह अंचल कार्यालय का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान कार्यालय के कई कागजात एवं पंजीयों की जांच के बाद अंचल कार्यालय के निरीक्षण में जाति निवास पंजी,एलपीसी पंजी, राजस्व पंजी, भूमि सुधार एवं दाखिल खारिज पंजी ,जमाबंदी ऑनलाइन मोटेशन, भूमि सुधार ,दखल दहनी, अभियान बसेरा समेत अन्य कोई अभिलेख की जांच की। अंचलाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दीजिए। जांच के दौरान कुछ खामियां भी पाई गई जिसे अभिलंब सुधार कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया गया। उन्होंने अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि अगर भूमि विवाद संज्ञान में आए ,आवेदन नही भी मिले तो थाना अध्यक्ष ,अंचलाधिकारी स्वयं इसकी की जांच कर मामले का निष्पादन करेंगे।मौके पर अंचल अधिकारी मनोहर कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मी मौजूद थे।

### पटाखा के दुकानदारों को सख्त निर्देश, एक सप्ताह पहले दुकान के लिए लेना होगा लाइसेंस

लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी

सिकंदरपुर /बलिया। दीपावली व छठ पूजा को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश के बाद स्थानीय तहसील प्रशासन ने पटाखा दुकानदारों के लिए सख्त आदेश जारी कर दुकानों पर कम पटाखा रखने का निर्देश दिया है । कहा है कि किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी । पत्र जारी कर दीपावली से एक सप्ताह पहले वाले आतिशबाजी बेचने वाले दुकानदारों को अवगत कराया है की अपना लाइसेंस एक सप्ताह वाले ले लें उसके बाद नहीं जारी किया जाएगा। पटाखा से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन द्वारा 03 अक्टूबर से सात दिन तक का विशेष अभियान भी चलाया है । उप जिलाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि लाइसेंस लेने वाले केदुकानदारों को सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही दुकान लगाई जाएगी । प्रति दुकान 8 से 10 फीट की दूरी पर स्थापित होगी । दुकानदार अपनी दुकानों पर अधिक 5 किलो से 10 किलो तक ही पटाखा रख सकते हैं जो एक्स्ट्रा पटाखे होंगे वह अपने गोदाम पर रखे रहेंगे इससे घटना कम होने की संभावना रहेगी । तहसील क्षेत्र में कोई अनुज्ञप्ति प्राप्त (लाइसेंसी धारक) पटाखा / आतिशबाजी विक्रेता नहीं है। तहसील सिकन्दरपुर पअन्तर्गत कोई अवैध पटाखा निर्माण सम्बन्धी कारखाना अवैध भण्डारण नहीं होगा अगर कोई पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कारवाई की जाएगी।

### अर्बनपेथी वोटर्स को लेकर साहिबगंज महाविद्यालय में शपथ दिलाई गई, शत प्रतिशत वोटरों की भागीदारी हो



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहिबगंज। महाविद्यालय , साहिबगंज में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में शहरी मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्र अंतर्गत मतदान बूथ पर मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

बीएड विभाग के छात्र -छात्राओं को शपथ दिलवाकर उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ- साथ वृद्ध महिला युवा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान बूथ पर लाना है इसे तो समस्या शिकायत और सुझाव आमंत्रित किए गए। आगामी दिनों में महाविद्यालय के नंदन भवन में मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने हेतु रूपरेखा तैयार की गई ।जिसमें निर्वाचन विभाग के वरीय पदाधिकारी की भी भूमिका रहेगी। इन्हीं सब विषयों को लेकर के आज इस कार्यक्रम में परिचर्चा की गई।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी- सह- नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एस०आर० आई० रिजवी, मॉडल कॉलेज राजमहल के प्रधानाचार्य डॉ० रणजीत कुमार सिंह, स्वीप कोषांग के कर्मी नवीन कुमार,अनंत कुमार, लुइस मुर्मू, रश्मी प्रियंबदा, जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सहकर्मी तथा महाविद्यालय में कार्यरत एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं के साथ इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा

**संबंधित अधिकारियों को योजना/इंडिकेटर में शत-प्रतिशत प्रगति लाते हुए ₹ए प्लस₹ ग्रेड प्राप्त करने के निर्देश**

लोकतंत्र की आवाज़



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडिकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान ऊर्जा विभाग,पिछड़ा वर्ग विभाग व जल निगम की योजना/इंडिकेटर को ₹ई₹ ग्रेड तथा 15वां वित्त आयोग,मध्यान्ह भोजन व विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा निर्माण कार्य में ₹डी₹ ग्रेड प्राप्त होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना/इंडिकेटर में शत-प्रतिशत प्रगति लाते हुए ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया जाय।

उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर पर्यटन अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से कहा कि योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जाय, जिससे रैंकिंग में सुधार आ सकें। उन्होंने कहा कि पेंशन में ₹ए प्लस₹ ग्रेड से नीचे आने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को डिजिटल एक्स-रे मशीन को तत्काल ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता,सिंचाई से कहा कि नहरों की सील्ट सफाई का कार्य समय से पूर्ण कराया जाय।

जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी एवं ए0 आर0 को-ऑपरेटिव को निर्देशित किया कि बीज एवं खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाय,जिससे किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में उप कृषि निदेशक ने बताया कि पराली प्रबंधन के लिए टीम गठित कर लिया गया है,जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाय। विगत वर्ष जिन क्षेत्रों में पराली जलाए जाने की घटनाएं हुई थी, उन क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाय। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी से कहा कि विभागीय कार्यों को रुचि लेकर संपादित करें, किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता,लोक निर्माण विभाग से कहा कि सड़क को गड्ढा मुक्त किए जाने के कार्य की प्रगति आख्या प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता,विद्युत से कहा कि शेष रह गए प्राथमिक विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय।

जिलाधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी से कहा कि दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत फायर सेफ्टी पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस को गंभीरता से लिया जाय तथा आईजीआरएस के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन तथा मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## बलिया: सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** जनपद के किसानों के द्वारा उठाई जाने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण किये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज की अध्यक्षता में माह- अक्टूबर के तीसरे बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कृषि भवन सभागार में किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक, बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए बैठक की शुरूआत की गयी। विगत किसान दिवस बैठक की कार्यवृत्ति को जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषकों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। कृषकों द्वारा पूर्व में अवगत करायी गयी समस्याओं के निराकरण से संबंधित संतुष्ट पाये गये।

कृषक श्री अजय प्रताप सिंह, ग्राम- पियरौटा विकास खण्ड-बेलहरी के द्वारा विगत के वर्ष रबी सीजन में फसल बीमा से संबंधित समस्या से अवगत कराया। कृषक श्री ओमप्रकाश कुशवाहा के द्वारा ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेसवे में अण्डर पास की सुविधा, पाली हाउस में अनुदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने एवं विद्युतीकरण में लगने वाले पोलों हेतु गड्ढे से संबंधित समस्या का मुद्दा उठाया गया। कृषक संतोष सिंह एवं अन्य कृषकों के द्वारा अवगत कराया गया कि कृषकों का क्षेत्रफल पंजीकरण में फीड न होने के कारण राजकीय कृषि भण्डार से बीज की मात्रा पर अनुदान कम प्राप्त होने से संबंधित मुद्दा उठाया गया। किसान दिवस में उपस्थित अन्य कृषकों के द्वारा अपनी- अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें विशेषतया विद्युत विभाग, उर्वरक की उपलब्धता से संबंधित तथा धान का क्रय केन्दों पर ससमय बिक्री कराये जाने से संबंधित समस्या उठाया गया।

किसान दिवस में 10-12 उन्नतशील कृषकों को उप कृषि निदेशक द्वारा चना मिनी कीट वितरण किया गया। अध्यक्ष द्वारा कृषकों की समस्याओं को त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के साथ अन्य समस्त विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कई कांडों में फरार चल रहे नक्सली गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार मिश्र (मगध ब्यूरो)**

**औरंगाबाद।** जिले के कासमा पुलिस ने कई कांडों में फरार नक्सली दुगुल टोला जगरूप विगहा निवासी तपेश्वर भुइयां उर्फ कपिल भुइयां को गिरफ्तार किया।प्रेस वार्ता में एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम को तपेश्वर भुइयां को दुगुल गांव टोला जगरूप विगहा में आने की सूचना मिली।और त्वरित कार्रवाई करते हुए दलबल के साथ घेराबंदी किया। और खजूर के पत्ते से बने झोपड़ी से गिरफ्तार किया गया।इन्होंने बताया कि कासमा ,खुदवा,सलैया, मदनपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी का आरोपित है। छापामारी टीम में पुअनि राजीव कुमार, लल्लन प्रसाद यादव,सअनि अरुण कुमार सिंह,पीटीसी नवीन कुमार,उपेंद्र महतो,सिपाही मनीष कुमार, राजनिगम कुमार,गोविंद सिंह कुशवाहा,दिवाकर ठाकुर,उपेंद्र कुमार,गुड्डू कुमार, ओमप्रकाश पासवान थे।

## अररिया आरएस के लापता व्यवसायी अजय अग्रवाल सकुशल बरामद, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मिली सफलता

लोक तन्त्र की आवाज़





**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**अररिया।** आर एस के चर्चित व्यवसायी अजय अग्रवाल, जो हाल ही में रहस्यमय तरीके से गायब हो गए थे, को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। उनकी अचानक गुमशुदगी ने न केवल व्यापार जगत में हलचल मचाई, बल्कि स्थानीय समुदाय में भी हड़कंप मचा दिया था।

**एसआईटी का गठन :** पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया, जिसका नेतृत्व एएसपी राम पुकार सिंह ने किया। एसआईटी ने सबसे पहले अजय अग्रवाल के मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकाला। इस जांच से पता चला कि उन्होंने सीमांचल एक्सप्रेस में टिकट बुक कराया था। पुलिस ने उनकी मोबाइल लोकेशन को ट्रैक किया, जो पहले दिल्ली और फिर वाराणसी में मिली। तकनीकी जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दिल्ली पहुंचने के बाद अग्रवाल ने नया मोबाइल नंबर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था, जिससे ट्रेस करना मुश्किल हो गया था।

**बरामदगी की सफलता :** पुलिस की टीम ने बिना देरी किए वाराणसी में पहुंचकर व्यापारी को सुरक्षित बरामद किया। एसपी अमित रंजन ने बताया कि अजय अग्रवाल को अररिया लाया जा रहा है, लेकिन उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अधिक पूछताछ नहीं हो सकी है। व्यापारी के सकुशल मिलने से अररिया के व्यापारियों और स्थानीय जनता ने राहत की सांस ली है। हालांकि, अजय अग्रवाल के अचानक गायब होने की असली वजह अब तक स्पष्ट नहीं है, और पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है।

**सुरक्षा के सवाल :** इस घटना ने न केवल व्यापारिक हलकों में चिंता फैलाई, बल्कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने यह साबित किया कि कानून व्यवस्था सही दिशा में कदम बढ़ा रही है। पुलिस की कार्रवाई की प्रशंसा हो रही है, लेकिन यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों बनी, जिससे अग्रवाल को अचानक गायब होना पड़ा। क्या यह व्यापारिक रंजिश थी या कोई व्यक्तिगत कारण? जांच के नतीजे इस बात पर रोशनी डाल सकते हैं, लेकिन यह मामला सिर्फ व्यापारी समुदाय ही नहीं, बल्कि पूरे शहर की सुरक्षा के लिए एक बड़ा सवाल बनकर सामने आया है।

## सिकन्दरपुर पुलिस द्वारा अवैध देसी शराब व बनाने के उपकरण को किया गया

लोकतंत्र की आवाज़

**सिकन्दरपुर पुलिस टीम द्वारा लगभग 3000 (तीन हजार) लीटर लहन सहित शराब बनाने के उपकरण/सामग्री को किया गया नष्ट**



**घनश्याम तिवारी**

**सिकंदरपुर/बलिया ।** पुलिस अधीक्षक बलिया विक्रान्त वीर के कुशल निर्देशन मे अवैध शराब की बिक्री/निष्कर्षण व अन्य मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के सफल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर के कुशल नेतृत्व मे थाना सिकन्दरपुर के क्राइम इंस्पेक्टर नरेश मलिक और हल्का दीवान दिनेश सिंह के द्वारा इस माह में दूसरी बार शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई।

पुलिस फोर्स के द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में लिलकर दियरा नदी के किनारे व नदी में बने टापू पर छापा मारी करते हुए अवैध कच्ची देशी शराब बनाने के उपकरण सहित लगभग 3000 लीटर लहन व अवैध शराब बनाने की अन्य सामग्री जैसे नौसादर, फिटकरी आदि को नष्ट किया गया । कार्यवाही के दौरान मौके पर कोई भी शराब बनाने वाला व्यक्ति मौजूद नहीं मिला । क्राइम इंस्पेक्टर नरेश मलिक ने बताया कि शऱाब की रोकथाम हेतु अभियान जारी रहेगा।

## वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल साह लोकहित अधिकार पार्टी में हुए शामिल

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**

**साहिबगंज।** लोकहित अधिकार पार्टी की एक बैठक राजमहल विधानसभा क्षेत्र के बभनगावां में सम्पन्न हुई।विश्वजीत मंडल ने अध्यक्षता और हीरालाल साह ने संचालन किया।बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं प्रधान महासचिव मो अजहर आलम ने वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल साह को फूल-माला और पट्टा पहनाकर लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल किया।प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि नंदलाल साह पिछड़ा समाज के हित में लगातार आवाज उठाते रहे हैं।

दलित और आदिवासी समाज के दुख-दर्द में शामिल होते रहे हैं।इनके आने से समाजिक न्याय की लड़ाई को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।पार्टी में शामिल होने के बाद नंदलाल साह ने कहा कि एससी-एसटी और ओबीसी के अधिकारों के साथ लम्बे समय से खिलवाड़ होता आ रहा है।एससी-एसटी और ओबीसी को लगातार कोई बाहरी-भीतरी तो कोई हिंदू-मुस्लिम के नाम पर गुमराह करके इनके अधिकार को लुटाते रहा है।इन समस्याओं का समाजिक न्याय ही एक मात्र विकल्प है।बैठक में कैलाश साह, गौरीशंकर साह,नेपाल प्रसाद साह,अजय कुमार साहा,पिन्टु कुमार साहा,सुकुमार साहा,राजेश साहा,सुशिल साहा,हरिकिशन साह,मोनिका देवी,मंदिरा देवी,प्रमीला देवी,गौरी देवी समेत सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहें।

## नोनिया बिंद बेलदार जाति का प्रखंड सम्मेलन नोनिया जाति को मिले आरक्षण-रोहन चौहान

लोकतंत्र की आवाज



**सुनील कुमार मिश्र (मगध ब्यूरो)**

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज के निजी भवन में बिहार लोक निर्माण दल के बैनर तले नोनिया बिंद बेलदार जाति का प्रखंड सम्मेलन आयोजित की गयी।अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनोद चौहान एवं संचालन प्रदीप चौहान ने किया। मंच का राष्ट्रीय संयोजक रोहन चौहान ,प्रदेश अध्यक्ष विनोद चौहान चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप चौहान ,जयराम चौहान, निरंजन चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।आये अतिथियों को अंगवस्त्र वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में समाज को मजबूत करने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय संयोजक रोहन चौहान ने कहा कि पहचान बनाना है तो एकजुट रहे।

उदेश्य है समाज को मजबूत करे और आरक्षण मिले एवं राजनीतिक में भागीदारी नही मिल रहा है।अधिकार लेना है। पटना के गांधी मैदान में 19 मार्च को होने वाली रैली में अधिक संख्या मे आने को कहा। इस अवसर पर अनिता देवी, सोनू चौहान, राम भजन चौहान, सागर चौहान, बिनय चौहान,विकास कुमार,बहादुर चौहान, नरेश चौहान,पन्नालाल चौहान, मनोज चौहान, श्याम कुमार चौहान, गुड्डू चौहान, विरेंद्र कुमार नोनिया, रामेश्वर चौहान, देवानंद चौहान, रत्न लाल चौहान, राजा चौहान, कृष्णा चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीडीसी सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषाग स्मिता कुमारी ने बैठक आयोजित की

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह झारखंड।** आज उप विकास आयुक्त-सह-वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्मृता कुमारी ने स्वीप एक्टिविटी को लेकर अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा निर्वाचन 2024 को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप कोषांग के द्वारा वृहत प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा हुई। साथ ही विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वीप कोषांग द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इस दौरान उप विकास आयुक्त-सह-वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीप कोर कोषांग के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोषांग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर कोई मतदाता न छूटे, श्लोगन को चरितार्थ करना, शत-प्रतिशत मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करना, पीडब्लूडीएस मतदाता पंजीकरण एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि जिला स्वीप प्लान का कार्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर मतदान प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना, युवा मतदाताओं विशेषकर 18 से 19 वर्ष का पंजीकरण करना, प्रजातंत्र एवं चुनाव प्रक्रिया पर सतत् प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना, निर्वाचक नामावली में दृष्टिगत जेंडर गैप कम करना तथा वंचित वर्गों का पंजीकरण कराना, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करना आदि शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने स्वीप कैलेंडर वाइज स्वीप एक्टिविटी को सक्रिय भूमिका के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, श्री जीतू कुमार, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, श्री आशुतोष कुमार तिवारी, महिला पर्यवेक्षिका, श्रीमती किरण प्रसाद, प्रधान लिपिक, स्वीप कोषांग, वरीय लेखा लिपिक, स्वीप कोषांग व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।